हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

08 हथखोज बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का संकट...



09 स्वच्छता अभियान के साथ याद किया बापू को ....



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर


न्यू
ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

खबर संक्षेप

डंगनिया तालाब में युवती का मिला शव



भिलाई। तालाब में युवती की लाश मिली है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। धमधा टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि ग्राम डंगनिया के तालाब में नम्रता उर्फ तनू साहू नामक युवकी की लाश मिली है। शव का शिनाख्त पुलिस ने किया है। ग्रामीणों ने तालाब में युवती का शव तैरते देखे जाने पर पुलिस को सूचना दी गई। निरीक्षक महेश ध्रुव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। संदेह जताया जा रहा है कि युवती ने पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मरचूरी भेजा गया है। फिलहाल युवती की मौत के कारणों का पता अभी तक चल नहीं पाया है। जांच के बाद ही कारणों का पता चला पाएगा।

शिवनाथ नदी में वृद्ध महिला की मिली लाश



भिलाई। शिवनाथ नदी में वृद्ध महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि वृंदावन रेस्टोरेंट के पीछे नदी में 60 वर्षीय वृद्ध की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को गोदाखोरों की मदद से बाहर निकालकर शव को मरचूरी भेज दिया है। मृतका पैरों में काले रंग की चप्पल पहनी थी। शरीर पर गोदना बना हुआ है। जिससे उसकी शिनाख्त करने का प्रयास पुलिस कर रही है। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

लगातार बारिश व अधिक नमी से बढ़ा प्रकोप, उत्पादन 15 से 25% प्रभावित होने की आशंका

दुर्ग में 1.34 लाख हेक्टेयर धान पर पेनिकल माइट का अटैक, सूक्ष्म कीट होने की वजह से तेजी से फैल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लगातार बारिश के बाद धान की फसल में पेनिकल माइट का अटैक शुरू हो गया है। दुर्ग जिले में इस खरीफ सीजन में 1.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई गई धान फसल पर अब पेनिकल माइट (मकड़ी) का प्रकोप किसानों के लिए नई चिंता बन गया है। लगातार हो रही बारिश और खेतों में बनी अत्यधिक नमी के कारण यह सूक्ष्म कीट तेजी से फैल रहा है। कृषि विभाग को जिले भर से एक हजार से अधिक किसानों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कई स्थानों पर धान की बालियां बदरंग होने, दानों के खाली रहने और उत्पादन प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।



कृषि विभाग कर रहा है शिकायतों का सर्वे

दुर्ग, धमधा, अहिवारा, बोरी और पाटन तहसील से कई किसानों की शिकायतें मिली है। किसान पेनिकल माईट से प्रभावित फसलों के नमूने भी कृषि विभाग के पास लेकर पहुंच रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए कृषि विभाग ने शिकायतों का सर्वे करवाकर उनका मौके पर जाकर निराकरण भी करवाना शुरू किया है। जिससे किसानों को इस बीमारी का इलाज समय पर करने में मदद मिले और धान की फसल की पैदावारी को प्रभावित होने से रोका जा सके।

मौसम बना सबसे बड़ा कारण

कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा (अ) दुर्ग के विषय वस्तु विशेषज्ञ (कीट विज्ञान) डॉ. ईश्वरी कुमार साहू के अनुसार 25 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान और 80 से 90 प्रतिशत आर्द्रता इस मकड़ी के तेजी से फैलने के लिए सबसे अनुकूल परिस्थितियां हैं। अगस्त से अक्टूबर तक का समय इसके लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस वर्ष जिले में लगातार बारिश और लंबे समय तक बनी नमी ने इसके प्रसार को बढ़ावा दिया है।

फसल उत्पादन 5 से 25 प्रतिशत हो सकती है प्रभावित

विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर नियंत्रण नहीं होने पर धान के दाने काले, लाल अथवा कत्थई रंग के हो जाते हैं तथा उनमें चावल बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है। इसके कारण दाने खाली रह जाते हैं, जिसे स्थानीय भाषा में 'बदरा' की समस्या कहा जाता है। प्रकोप की तीव्रता के अनुसार उत्पादन में 5 से 25 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

क्या है पेनिकल माइट इसे समझें

कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा दुर्ग वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन ने बताया कि पेनिकल माइट (टेनिओतारसोनिमस सिपंकी स्माइली) एक अत्यंत सूक्ष्म जीव है, जिसे सामान्य आंखों से देख पाना संभव नहीं होता। इसे देखने के लिए 10 से 20 गुणा क्षमता वाले लेंस की आवश्यकता पड़ती है। यह मकड़ी धान की फसल में रोपाई या बियासी के लगभग एक माह बाद सक्रिय होने लगती है और गभोट (बूटिंग) अवस्था से लेकर बालियों में दूध भरने तक सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती है।

ऐसे पहचानें इस बीमारी को

पेनिकल माइट के प्रकोप से धान की पत्तियों के आवरण पर सफेद अथवा भूरे रंग की धारियां दिखाई देने लगती हैं। यह कीट पत्तियों और बालियों के भीतर रहकर रस चूसता है। इसके कारण बालियां बदरंग हो जाती हैं और उन पर फफूंद एवं जीवाणु संक्रमण भी बढ़ जाता है। प्रभावित खेतों में दानों का विकास रुक जाता है और कई बालियां पूरी तरह खाली रह जाती हैं।

खेतों में कैसे फैलती है मकड़ी

विशेषज्ञों के मुताबिक पिछली फसल के अवशेष, खेतों में बची नरई, धान के ठूंठ, मेड़ों पर उगे खरपतवार, जंगली लाल धान तथा संक्रमित बीज इसके प्रमुख स्रोत हैं। इसके अलावा तेज हवा के साथ यह एक खेत से दूसरे खेत तक पहुंच जाती है। अत्यधिक यूरिया के उपयोग से पौधे अधिक कोमल हो जाते हैं, जिससे मकड़ी का हमला और बढ़ जाता है।

कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

किसानों की बढ़ती शिकायतों के बाद कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ने संयुक्त रूप से सलाह जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार धान की गभोट और बालियां निकलने की प्रारंभिक अवस्था में स्पाइरोमेसिफेन 22.9 प्रतिशत एससी 150 मिलीलीटर तथा प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी 150 मिलीलीटर प्रति एकड़, अथवा प्रोपागाइट 57 प्रतिशत ईसी 400 मिलीलीटर प्रति एकड़ का छिड़काव किया जा सकता है। इसके अलावा एबामेक्टिन 1.9 प्रतिशत ईसी 150 से 200 मिलीलीटर प्रति एकड़ भी प्रभावी माना गया है। हालांकि किसी भी दवा के उपयोग से पहले कृषि विभाग या कृषि विशेषज्ञ की सलाह लेने की अनुशंसा की गई है।

तालाब में डूबने से युवक की मौत, रेस्क्यू कर निकाला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तालाब में नहाते समय अचानक युवक गहरे पानी में जाने से डूब गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर स्थित शिव शक्ति तालाब में शुक्रवार को नहाते समय जामुल निवासी मनी जंघेल गहरे पानी में चला गया। घर से तालाब जाने के लिए युवक निकला था।सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला।

- जामुल थाना क्षेत्र की घटना
- एसडीआरएफ टीम ने किया मशक्कत
- शव परिजनों को सौंपा गया

रेस्क्यू के बाद शव को जामुल पुलिस के हवाले किया। तालाब की गहराई अधिक होने के कारण युवक मनी पानी में डूब गया। आसपास के लोगों को घटना की खबर होने के बाद पुलिस और जिला सेनानी कार्यालय को सूचना दी। टीम अपने साथ पानी में तलाश और बचाव के लिए जरूरी जीवन रक्षक उपकरण लेकर शिव शक्ति तालाब पहुंची। मौके पर पहुंचने के बाद टीम ने तालाब की स्थिति का जायजा लिया। अनुभवी डीप डाइवर्स राजकुमार यादव, चंद्र प्रताप ने गहरे पानी में उतरकर सर्च ऑपरेशन चलाया। तालाब में युवक के संभावित स्थान पर अलग-अलग हिस्सों में तलाश की गई। एसडीआरएफ जवानों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को पानी के भीतर तलाश किया। इसके बाद शव को सुरक्षित तरीके से तालाब से बाहर निकाला गया। शव को पुलिस को मिलने के बाद मर्ग पंचनामा किया। पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

भिलाई। ड्राई डे पर अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को अवैध रूप से देशी शराब बेचने की शिकायत मिली। पुलिस ने दबिश देकर अड़िया मोहल्ला, जोन-02 खुर्सीपार राजु मांझी को शराब बेचते पकड़ा गया।



शास्त्री नगर खुर्सीपार गोपाल तेलभुलकर को भी पकड़ा गया। दोनों के पास से 28 पौवा देशी शराब, रकम 100 रुपये, कुल कीमत 2,340 रुपये और 30 पौवा देशी शराब, रकम 100 रुपये, कुल 3,100 रुपये बरामद किया है।

कमीशन पर फर्म का माल सप्लाई कर राशि हड़पने वाला गिरफ्तार

भिलाई। कमीशन पर फर्म का माल सप्लाई कर राशि हड़पने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि शिवम शुभ निवास दुर्ग निवासी दिव्यांश कुकरेजा ने शिकायत किया कि चंगोराभाठा रायपुर निवासी आकाश शुक्ला फर्म शिवम शुभ शॉप,केमिकल वर्क्स, चंदखुरी में कमीशन के



आधार पर काम करता था। कार्य के दौरान आकाश फर्म का वॉशिंग पाउडर,साबुन विभिन्न व्यावसायिक पार्टियों को सप्लाई किया गया। उससे मिले रकम को स्वयं अपने पास रख लिया करता था। 28 अप्रैल को अग्रवाल किराना स्टोर, लवन के नाम से मंगाई गई 122 बोरी वॉशिंग पाउडर की राशि 3.70 लाख 49 की राशि आकाश अपने पास रख लिया। मामले में पुलगांव पुलिस ने शिकायत पर अपराध दर्ज किया। विवेचना के बाद आकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी कमीशन के आधार पर फर्म का माल विभिन्न व्यावसायिक पार्टियों को सप्लाई करता था। कार्रवाई में पुलगांव प्रभारी उनि गुरविंदर सिंह संधू, सउनि बाबूलाल साहू समेत अन्य का योगदान रहा है।

नशीली दवाओं की अवैध बिक्री में दो को 10-10 साल की कैद

1-1 लाख का अर्थदंड, नहीं जमा कराने पर 3-3 माह की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- विशेष न्यायाधीश के न्यायालय से आया फैसला, एक आरोपी को जेल में बिताए 139 दिन की सजा और 5 हजार का अर्थदंड

नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को 10-10 साल की कैद और 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। यह राशि जमा नहीं करने पर आरोपियों को 3-3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

इस मामले में दो आरोपियों को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। वहीं एक अन्य आरोपी राजनांदगांव निवासी मनोज डोंगरे को जेल में बिताए 139 दिन और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विशेष न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 22 मई 2025 को सुबह करीब 10 बजे की है। सेलूद-पाटन मार्ग पर आरोपी एक्टिवा में नशीली दवा बेचने के फिराक में थे। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों में बठेना का कृष्णा यादव (21 वर्ष), घुघवा का अजय यादव (21 वर्ष), राजनांदगांव का मनोज डोंगरे (27 वर्ष), केसरा रानीतराई का गोवर्धन लाल सिन्हा और नेतराम शामिल बताया गया। जांच के बाद प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां कृष्णा, अजय और मनोज पर दोष सिद्ध पाया गया। कृष्णा और अजय को कोर्ट ने 10-10 वर्ष के कारावास और 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

वहीं मनोज को 139 दिन जेल में बिताए समय और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। दो अन्य आरोपी गोवर्धन और नेतराम साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किए गए। मामले में शासन के तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

सुमीत बाजार™
भिलाई व दुर्ग में आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ~~₹99~~ प्रति सेट वाले
EXPORT QUALITY 12 X 12 SIZE
बर्तन एवं हाथ पोंछने के लिये
किचन डस्टर या नेपकीन सेट
6पीस का पैकेट ₹39
प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 सेट
6 पीस किचन नेपकीन (डस्टर) की कीमत मात्र ₹39
नवरात्रि गरबा एवं पार्टी के लिये उपयोगी ड्रेस
MRP. ~~₹2000~~ से ~~₹6000~~ प्रति पीस MRP. वाले
लाँग ड्रेस, ईवनिंग गाऊन एवं सूटपीस
₹399
ऑफर सिर्फ आज के लिये
लाँग ड्रेस की कीमत मात्र ₹399
*condition apply
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई
गुरूद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पद्मनाभपुर रोड, पुलगांव चौक, दुर्ग

खबर संक्षेप

दूध कारोबारी ने की मासूम से छेड़खानी

भिलाई। दूध कारोबारी के पांच वर्ष मासूम के साथ छोड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना खुर्सीपार पुलिस थाने का है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने दूध कारोबारी को हिरासत में लेकर पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दिलावर यादव नामक व्यक्ति ने पांच साल की मासूम के साथ छेड़खानी की है। मासूम ने जब परिजनों को जानकारी दी तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दिलावर को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सीएसपी प्रशांत कुमार ने स्पष्ट किया कि दिलावर यादव को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ और जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा।

कंचन नागवंशी की कहानी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से

भिलाई। छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से महिलाओं के लिए प्रसारित होने वाले कार्यक्रम घर आंगन में किया जाएगा।6 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 01.30 बजे प्रसारित किया जाएगा। कंचन नागवंशी एफएसएनएल के पूर्व राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी की सुपुत्री है। वह छत्तीसगढ़ी और हिंदी में कहानी, कविता, सम-सामयिक विषयों पर आलेख, लेख निरंतर लिख रही है। उनकी छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण 981 किलो मीटर हर्टस एवं छत्तीसगढ़ के सभी केन्द्रों और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है।

खेलकूद के साथ स्वस्थ शिशुओं को किया पुरस्कृत

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज हनुमान मंदिर के पास, शकुंतला स्कूल, विवेकानंद स्कूल के पास आंगन मिलन एवं सेवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। समारोह के दौरान मेहंदी, रंगोली एवं स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के साथ बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

युवा कांग्रेस चुनाव : फर्जी वोटिंग और झड़प के आरोप, पुलिस तक पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की वोटिंग प्रक्रिया समाप्त होने के साथ ही दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में सियासी पारा गरमा गया है। चुनाव के अंतिम दिनों में फर्जी वोटिंग, ऐप हैकिंग, वर्चुअल नंबरों से ओटीपी और झड़प जैसे गंभीर आरोपों से माहौल बेहद तनावपूर्ण बना हुआ है। दुर्ग-भिलाई में ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया को लेकर काफी सवाल उठे हैं। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अर्जुन शर्मा ने खुद खुर्सीपार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि सेक्टर-10 निवासी अनिल सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा फर्जी वोटर आईडी कार्ड तैयार करवाकर ऑनलाइन फर्जी मतदान कराया गया। खुर्सीपार स्थित सरकारी आईटीआई में युवाओं से कथित तौर पर फर्जी वोटिंग कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसे लेकर भी उन्होंने आपत्ति जताई। साथ ही वर्चुअल नंबरों, एआई तकनीक से वीडियो/फोटो जनरेट करने और फर्जी ओटीपी के जरिए वोट मैनेज करने के आरोप के साथ चुनावी ऐप को लेकर लगाए गए हैं।

दुर्ग-भिलाई बना हॉट स्पॉट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव की साख दांव पर

गुटबाजी और हिंसक झड़पें

दुर्ग-भिलाई शुरू से ही युवा कांग्रेस चुनाव का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट रहा है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव समर्थकों के बीच खींचतान की खबरें सामने आई हैं। कुछ दिन पहले ही खुर्सीपार क्षेत्र में प्रचार के दौरान भिलाई नगर प्रत्याशी रोबिन सिंह के समर्थकों (कांग्रेसी पार्षद के बेटे रोहन सिंह) और अर्जुन शर्मा के भाई शुभम शर्मा के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हुई थी, जिसके बाद पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा।

डिलीवरी बॉय से मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

नेहरू नगर में एक पिज्जा डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ, जिसमें दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन सिंह और उनके साथियों पर सुपेला थाने में प्राथमिक दर्ज की गई है।

पूर्व सीएम और विधायक की इमेज दांव पर

यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिला हॉट स्पॉट बना हुआ है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के समर्थक अध्यक्ष पद के लिए अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। यह कहा जा रहा है कि दोनों दिग्गजों ने इस चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए साम, दाम, दंड, भेद जैसे सभी पैंतरे खेलें हैं।

स्क्रूटनी और भाजपा का हमला

स्क्रीनिंग में निरस्त हो सकते हैं वोट : कांग्रेस के चुनावी तंत्र से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि दर्ज शिकायतों की जांच होगी और स्क्रूटनी के दौरान संदिग्ध फर्जी वोटों को रद्द किया जाएगा। भाजपा का तंज : इस पूरे विवाद को लेकर भाजपा ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ताओं ने इसे कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी, मतदाता सूची में धांधली और वोट चोरी का जीता-जागता प्रमाण बताया है।

मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण अटका, जर्जर ठेलों से कचरा उठाने की व्यवस्था

हथखोज बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का संकट अधूरे विकास कार्यों से वार्डवासी हैं नाराज

वार्ड परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 2 हथखोज बस्ती में वार्ड परिक्रमा के दौरान मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी सामने आई। करीब 8 हजार की आबादी वाले इस वार्ड में मुक्तिधाम और तालाब सौंदर्यीकरण के अधूरे काम, जर्जर सड़क और नालियां, सफाई व्यवस्था में संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। हथखोज बस्ती स्थित मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन जमीन छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम सीएसआईडीसी की होने के कारण यह काम वर्षों से अटका हुआ है। मुक्तिधाम के चारों ओर गंदगी और गंदा पानी जमा होने की स्थिति बनी हुई है। इसका उपयोग वार्ड 1 इंदिरा नगर हथखोज, वार्ड 2 हथखोज बस्ती और वार्ड 3 अकलोरडीह के लोग करते हैं। वार्डवासियों ने मुक्तिधाम का जल्द सौंदर्यीकरण कराने की मांग शासन-प्रशासन से की है। वार्डवासियों ने जर्जर सड़कों और नालियों की समस्या भी उठाई। बारिश और जलभराव के दौरान इन समस्याओं से लोगों को और अधिक परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि सड़क, नाली और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं पर प्राथमिकता से काम होना चाहिए।

1.10 करोड़ का तालाब सौंदर्यीकरण भी अधूरा







1.10 करोड़ की स्वीकृति, पांच साल बाद भी तालाब सौंदर्यीकरण अधूरा



रौशन वर्मा और सुरजीत वर्मा ने बताया कि वार्ड में चार तालाब हैं। इनमें बंधवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए की स्वीकृति लगभग पांच साल पहले दी गई थी। पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने में करीब दो माह बाकी हैं, लेकिन तालाब का सौंदर्यीकरण अभी भी पूरा नहीं हुआ है। तालाब की साफ-सफाई नहीं होने से चारों तरफ झाड़ियां और जंगल उग आए हैं। तालाब का पानी भी काला पड़ चुका है। प्लेबर ब्लॉक सहित कई निर्माण कार्य अब तक अधूरे पड़े हैं। लोगों का कहना है कि राशि स्वीकृत होने के बावजूद विकास कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया।

जर्जर हाथठेलों के भरोसे कचरा संग्रहण

वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी है।



वार्ड निवासी मालती बंछोर और अन्नपूर्णा ने बताया कि कचरा संग्रहण के लिए इस्तेमाल होने वाले कई हाथठेले जर्जर हालत में हैं। संसाधनों की कमी के कारण वार्ड के सभी मोहल्लों से प्रतिदिन कचरा नहीं उठ पाता। वार्ड में कचरा संग्रहण अलग-अलग मोहल्लों में अलग-अलग दिन किया जाता है। बताया गया कि उपलब्ध दो ई-रिक्शा में से एक खराब पड़ा है। ऐसे में सीमित संसाधनों के सहारे सफाई व्यवस्था संचालित की जा रही है।

भाजपा पार्षद का वार्ड होने से सौतेला व्यवहार

वार्ड पार्षद राकेश बंछोर ने आरोप लगाया कि भाजपा पार्षद का वार्ड होने के कारण हथखोज बस्ती के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वार्ड में किए गए कई काम पार्षद निधि से कराए गए हैं। पार्षद के मुताबिक वार्ड पहले अंधेरे में डूबा रहता था। ऐसे में पार्षद निधि से बिजली खंभों पर लाइट की व्यवस्था कराई गई। उन्होंने बताया कि अधोसंरचना मद के 11 करोड़ रुपए और नगरोत्थान मद के 29 करोड़ रुपए में से वार्ड के विकास के लिए करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए की मांग की गई थी, लेकिन राशि नहीं मिली। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, नाली निर्माण के लिए 30 लाख रुपए और मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए की मांग की गई थी।



शीघ्र दिए जाएंगे नए हाथ ठेले

हाथ ठेलों के लिए टेंडर हो गया है। शीघ्र ही सभी वार्डों को कचरा एकत्रित करने नए हाथ ठेले उपलब्ध कराए जाएंगे।
-डीएस राजपूत, आयुक्त, नगर निगम भिलाई-चरोदा

पीएम आवास निर्माण में भिलाई निगम बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप शहर के आर्थिक रूप से कमजोर एवं आवास की आवश्यकता वाले परिवारों को पक्के एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थी-केंद्रित निर्माण (बीएलसी) एवं भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) दोनों घटकों में निगम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। बीएलसी में 99.13 प्रतिशत आवास पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। (शहरी) फेस-1 के बीएलसी घटक में शासन से स्वीकृत 5,115 आवासों में से 5,071 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

- बीएलसी घटक में 99 .13% आवास पूर्ण

एएचपी घटक में 2401 मकान पूरे

मोर जमीन-मोर मकान योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को उनके स्वयं के भू-स्वामित्व पर पक्के आवास उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया गया है। एएचपी के माध्यम से हजारों परिवारों के लिए किफायती आवास प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एएचपी घटक में भिलाई क्षेत्र के लिए 3,653 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 2,401 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 1,252 आवास निर्माणाधीन हैं।

शहरी 2.0 के लिए डोर टू डोर सर्वेक्षण

भारत सरकार द्वारा प्रारंभ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सभी जोन कार्यालयों में शिविर आयोजित करने तथा वार्ड स्तर पर डोर-टू-डोर सर्वेक्षण के माध्यम से रैपिड असेसमेंट सर्वे कराया गया। 2.0 के बीएलसी घटक में 2,232 हितग्राहियों का सर्वेक्षण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि की गई, जिनमें से शासन के दिशा-निर्देशानुसार 1,042 आवास स्वीकृत हुए। इनमें 662 हितग्राहियों के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा 245 आवास पूर्ण हो चुके हैं। 2.0 एएचपी में 4,372 आवासों को प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। हितग्राही चयन, सर्वेक्षण एवं एमआईएस में ऑनलाइन प्रविष्टि की प्रक्रिया के तहत 941 हितग्राहियों का अटैचमेंट किया जा चुका है।

भिलाई में योजना का व्यापक प्रभाव

भिलाई में आवास प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से भिलाई में केवल आवास निर्माण ही नहीं, बल्कि कच्चे एवं असुरक्षित आवासों से पक्के आवासों की ओर परिवर्तन हो रहा है। पात्र परिवारों को आवासीय सुरक्षा तथा शहरी गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में ठोस कार्य किया जा रहा है।
-सुरुचि सिंह, आयुक्त भिलाई निगम

साथ ही, मोर मकान-मोर चिन्हारी एवं मोर मकान-मोर आस के अंतर्गत अब तक 2,578 हितग्राहियों को आवास आवंटित किए जा चुके हैं तथा 1,350 हितग्राहियों को आवास का भौतिक आधिपत्य प्रदान किया गया है।

नेवई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

भिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नगर पालिक निगम रिसाली के नेवई दशहरा मैदान स्थित वार्ड क्रमांक 34 में दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के तहत सघन स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा गुरु घासीदास जैतखाम परिसर और दशहरा मैदान में साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ समाज, सुंदर शहर और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का



हिस्सा बनाने और अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता, सादगी और सत्य के विचार तथा लाल बहादुर शास्त्री का जय जवान-जय किसान का संदेश आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, महामंत्री पुनाराम कलिहारी एवं नरेंद्र निर्मलकर, पार्षद ममता सिन्हा एवं गजेंद्री कोठारी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, निगम कर्मचारी और वार्डवासी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने चित्रों और विचारों में दर्शाया मेरे सपनों के भारत की तस्वीर, शिक्षा मंत्री ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दुर्ग के जेआरडी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किये और उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना किये । प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचारों और कल्पनाओं को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किये।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की दुर्ग के जेआरडी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से साकार करते हुए तकनीक, संस्कार, स्वच्छता और विकसित भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की। वहीं, स्कूल की बालिकाओं ने प्रभावी भाषण के माध्यम से देश के विकास में युवाओं की भूमिका और अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को रेखांकित किये। जेआरडी स्कूल में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए



चित्रों का अवलोकन कर और उनसे बातचीत करते हुए उनके चित्र में ऊकेरे उनके विचारों को जाने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सेवा संकल्प अभियान के तहत यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, विचार और रचनात्मकता को सामने रखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये चित्र और भाषण के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला महामंत्री दिलीप साहू, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा, जेडी के व्ही राव, डीईओ जगजीत सिंह धीर सहित अन्य उपस्थित थे।

सितंबर माह में ट्रैफिक पुलिस ने 7,610 वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने सड़क हादसों पर फोकस करते हुए हुए माह सितंबर में 7610 वाहन चालको पर कार्रवाई किया है। जिले में हादसों को रोकने ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान शुरु किया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष रूप से उन ट्रैफिक उल्लंघनों पर फोकस किया गया, जो सड़क हादसों का बड़ा कारण माने जा रहें है। सितंबर माह में शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 142 वाहन चालकों, तेज रफ्तार वाहन 178, बिना हेलमेट 6,517 वाहन , नो-एंट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 29 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट समेत हादसे संभावित क्षेत्रों में समयानुसार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने, तेज रफ्तार, बिना हेलमेट एवं नो-एंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश जैसे मामलों पर विशेष निगरानी ट्रैफिक पुलिस रख रही है। ट्रैफिक पुलिस के उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता और अनुशासन विकसित कर सड़क हादसों में होने वाली मौत को कम करना है। वाहन चालकों से अपील है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं, नो-एंट्री अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

- बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 6,517 चालक



विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सेवा भाव को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर स्वच्छता भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल

- श्री शंकरा विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता और सेवा का संदेश



बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख, उपप्रधानाचार्य विजियन बी, प्रधान पाठिकाएं शीजा जॉन और चरनीत कौर संधू, बालवाटिका प्रभारी एम. प्रणति सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं अंजनी साहू एवं शांति मानिकपुरी ने गांधी-शास्त्री जयंती के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कल्याणी बोरतवार ने किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, साफ-सफाई, श्रमदान और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख ने कहा कि गांधीजी के विचार केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें अपने आचरण और दैनिक जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, सचिव एस. स्वामीनाथन एवं समिति के अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को सेवा और सामाजिक दायित्व के प्रति प्रेरित किया।

प्रथम दिन भागवत महात्म्य और गोकर्ण संवाद का हुआ भावपूर्ण वर्णन

भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2 भिलाई में प्रधान न्यासी आईपी मिश्रा के आयोजन में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन श्री मानसपीठ खजुरीताल, मैहर से पधारे मानसपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा से परिचित कराया। कथा के दौरान महाराज ने भागवत महात्म्य एवं गोकर्ण संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत के श्रवण की महिमा और उसके आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को सद्मार्ग दिखाने वाला दिव्य ग्रंथ है। इसके श्रवण और मनन से मनुष्य के जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है। कथा के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में कमिश्नर राजीव पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भक्तगण उपस्थित थे।

- बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु







सत्संग से ही मिलता है जीवन का विवेक, संत की पहचान के लिए अच्छा इंसान बनना जरूरी : आचार्य युवराज पांडेय



हरिभूमि न्यूज ⏭उतई

धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति दुर्ग ग्रामीण द्वारा ग्राम बोरीगारका में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठवें दिन हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास परम पूज्य आचार्य पं. श्री युवराज पांडेय जी महाराज ने निषादराज मिलन, केवट प्रसंग, चित्रकूट निवास और राजा दशरथ के देवलोक गमन के प्रसंगों का अत्यंत हृदयस्पर्शी वर्णन किया।

महाराज जी ने बताया कि श्रीराम के वन गमन के बाद पुत्र वियोग में 'हा राम-हा राम' पुकारते हुए राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए, जिससे खुशियों में डूबी अयोध्या शोक में डूब गई। उन्होंने भरत जी के त्याग का स्मरण कराते हुए कहा कि जिस राजसिंहासन के लिए कैकेयी ने सब किया, उसे भरत ने सहर्ष



ठुकरा दिया; भ्रातृ-प्रेम का ऐसा उदाहरण संसार में दुर्लभ है। सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए आचार्य जी ने कहा कि बिना सत्संग के विवेक की प्राप्ति नहीं होती और सच्चे संत की पहचान के लिए व्यक्ति को स्वयं एक अच्छा इंसान बनना पड़ता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने श्रृंगवेरपुर में निषादराज गुहराज को गले लगाकर यह संदेश दिया कि भगवान कभी छुआछूत नहीं मानते, उनके लिए सभी प्रिय हैं। केवट प्रसंग पर उन्होंने कहा कि प्रभु के चरण धोने का जो सौभाग्य केवट को मिला, वह देवताओं के लिए भी दुर्लभ था। इसके साथ ही उन्होंने रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए नारी को सर्वोच्च स्थान प्रदान करने की बात कही।

कथा में ये हुए शामिल

कथा के दौरान विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, इंद्रजीत छोटू सिंह, पालिका महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, इमित गायकवाड़, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, कमलेश गजपाल, योगनारायण गजपाल, वेदनारायण साहू, रामसिंह सोनबोइर, सरपंच चुम्मन यादव, जागेश्वर साहू, राजेश साहू, गिरीश साहू, दुष्यंत साहू, कुलेश्वर जांगड़े और दीपक यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन दीपक कौशिक ने किया। अंतिम दिन दोपहर में कथा एवं रात्रि में 'रंग झरोखा' की सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित होगी।

खबर संक्षेप

जामुल वार्ड-5 में पोषण योजनाओं पर हुई चर्चा



जामुल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा व समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वार्ड-5 के स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों और उनकी माताओं को आमंत्रित कर फल एवं पौष्टिक आहार वितरित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिला भिलाई की कोषाध्यक्ष लक्ष्मी देवी वर्मा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के बच्चों व माताओं के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान वार्ड पार्षद दीपक गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष (नपा जामुल) हरीश वर्मा, जिला मंत्री रूपेश्वरी वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य (भाजपा महिला मोर्चा) प्रियंका चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, कार्यकर्ता पूनम सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमिन देवांगन और जया गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।

पाटन में 20 को धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा पर्व



पाटन। दशहरा उत्सव समिति की बैठक नगर पंचायत पाटन कार्यालय में हुई। समिति की बैठक में 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने बताया कि शाम 5 बजे पुराना बाजार चौक रामलीला चबूतरा से निकल कर महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करके नगर भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान अखरा पहुचेगी व राम - रावण का वध होगा एवं भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी, जिसको लेकर अभी से विशेष रूप से तैयारी की जा रही है व नागरिकों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। उन्होंने समस्त नगरवासियों से शांति व सहयोग की अपील की है। बैठक में अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा भाले, हेमंत देवांगन, उपासना चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, केवल देवांगन, देवेन्द्र ठाकुर, जितेंद निर्मलकर, नेहा वर्मा, चंद्रप्रकाश देवांगन, अन्नपूर्णा पटेल, गंगा प्रसाद देवांगन, प्रकाश बिजौरा, दामोदर चक्रधारी, पंडित कृष्णा तिवारी, राजेश वैष्णव, रोहित देवांगन, योगेश सोनी, दिनेश मिश्रा, नागेन्द्र कश्यप, बाबा वर्मा, भास्कर सावर्णी, सरजू मरकाम, नरेंद्र दुबे, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी, घनश्याम, अवधेश ठाकुर, राहुल वैष्णव, राकेश देवांगन सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

महिलाओं की गोदभराई व बाल क्रीड़ा स्पर्धाएं

जामुल। पीएम नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित 'आंगन मिलन सेवा पखवाड़ा' के तहत शनिवार को जामुल नपा के वार्ड- 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा महिला मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी देवी वर्मा की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में वार्ड की गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोदभराई कराई गई। केंद्र में बच्चों के लिए आकर्षक रंगोली एवं खेलकूद स्पर्धा का आयोजन हुआ।

गांधी-शास्त्री जयंती पर हुए विविध आयोजन, मिला सम्मान

स्वच्छता अभियान के साथ याद किया बापू को

बापू-शास्त्री को दी पुष्पांजलि, चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती व शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक 3 स्थित ओग्गर तालाब में स्वच्छता का संदेश देते हुए साफ-सफाई की गई तथा ₹स्वच्छ पाटन, सुंदर पाटन₹ का संदेश दिया गया।

इसके पश्चात नगर पंचायत कार्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। इसके तहत मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों, तालाबों एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने इस अभियान में सभी नगरवासियों से सहभागिता निभाने की अपील की है। कार्यक्रम में अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, सभापति केवल देवांगन, सभापति देवेंद्र ठाकुर, सभापति जितेंद्र निर्मलकर, सभापति नेहा वर्मा, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, पार्षद संगीता धुरंधर, दामोदर चक्रधारी, गंगा प्रसाद देवांगन, प्रकाश बिजौरा, बाबा वर्मा, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी, केशव बंछोर, मिलन देवांगन, अवधेश ठाकुर, घनश्याम सहित आदि मौजूद थे।

रैली व नाटक से दिया स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭उतई

गांधी जयंती के अवसर पर दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह (उतई) के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरपोटी में रैली व नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और व्यसन मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के.आर. सिन्हा ने तन, मन और धन की सेवा का महत्व बताते हुए कहा कि सेवाभाव इंसान को विनम्र व सहनशील बनाता है। पर्यावरण संरक्षण के तहत ग्राम पंचायत उमरपोटी के तालाब में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में उमरपोटी सरपंच वीरेंद्र साहू, करगाडीह सरपंच करण सेन, पालक-शिक्षक समिति सदस्य घनश्याम चंद्राकर, समाजसेवी हरीश यादव, विमला कामड़े, एकता चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



'कुष्ठ मुक्त भारत' की दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭कुम्हारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुम्हारी में गांधी जयंती पर स्वच्छता एवं कुष्ठ मुक्त भारत अभियान आयोजित किया गया। परिसर की सफाई के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने उपस्थित लोगों को 'कुष्ठ मुक्त भारत' की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आरएमए शिल्पा ताम्रकार व स्टाफ ने मीना वर्मा का श्रीफल देकर सम्मान किया। डॉ. अविनाश पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर अरुण वर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रीति तिवारी, ललिता निर्मलकर, आर. दुर्गा, प्रियंका यादव, खुशी श्रीवास्तव व माधव उइके उपस्थित रहे।

बटरेल में सादगी और सेवा संकल्प के साथ मनाई गई गांधी

जामगांव आर। ग्राम बटरेल में गांधी जयंती पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जन सेवा का संकल्प लिया। संध्याकालीन समारोह में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू, बटरेल सरपंच एमन आठे, सभापति प्रतिनिधि नारद साहू, अभयराम ठाकुर, बसंत साहू, कमलेश साहू, कमलेश यादव, सूरज निर्मलकर, तेजराम साहू, प्राचार्य टी.के. पिपरिया एवं अभिषेक सेन मंचासीन रहे।

बागडूमर-सेमरिया मार्ग निर्माण का मुद्दा उठाया उपमुख्यमंत्री के समक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭नंदिनी अहिवारा



ग्राम पंचायत बागडूमर की सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष दामिनी साहू ने पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर बागडूमर से सेमरिया तक सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (वर्ष 2025-26) के तहत 4.06 किलोमीटर पक्की सड़क का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण आदेश जारी नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन, स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाओं के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने शीघ्र निर्माण आदेश जारी करने का आग्रह किया। मंत्री विजय शर्मा ने समस्या पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

20. टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंच व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭अंडा



गांधी जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार में विकासखंड दुर्ग (निकुम) अंतर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों के आरएचओ की उपस्थिति रही। उन्हें गुलाल, श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र किशोर पेलचंदन, खंड कार्यक्रम प्रबंधक राजेंद्र वर्मा एवं एसटीएस चंद्रशेखर तिवारी उपस्थित रहे। वहीं लेप्रोसी कार्यक्रम के अंतर्गत पाल तथा रिसाली क्षेत्र से आरएचओ अंशुमंति पाठी भी उपस्थित रहे।

धोबी समाज ने शुरू किया सामाजिक एकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭अंडा

छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने कुप्रथाओं, भेद-भाव व जबरिया दंड प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से 'सामाजिक एकता अभियान' का आगाज किया। इसका शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे और कोषाध्यक्ष गणेशराम निर्मलकर ने किया।

समारोह में निर्णय लिया गया कि यदि समाज के भीतर (झेरिया व कनौजिया वर्ग में) रोटी-बेटी का संबंध होता है और कोई खाप पंचायत किसी को दंडित करती है, तो पीड़ित परिवार की शिकायत पर समाज अभियोजन की कार्रवाई करेगा और न्यायालय में कानूनी लड़ाई में साथ देगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र (नागपुर) में कांग्रेस महासचिव बनाए गए छत्तीसगढ़ के मूलचंद निर्मलकर का 'रजक ताज' पहनाकर अभिनंदन किया गया। मूलचंद निर्मलकर ने नागपुर के 'डिप्टी सिग्नल' धोबी समाज को छत्तीसगढ़ धोबी समाज में शामिल करने की मांग की, जिसे प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने स्वीकार करते हुए घोषणा की। सूरज निर्मलकर ने युवाओं व



■ नागपुर के मूलचंद निर्मलकर का 'रजक ताज' से अभिनंदन

महिलाओं की पृथक टीम गठित कर सामाजिक जागरण चलाने का आह्वान किया। आयोजन में कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नकुल निर्मलकर, जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, सुपेला अध्यक्ष गौतम रजक, जिला महामंत्री किशोर निर्मलकर, अंबे बाघमार, टामन लाल कन्नौजे, भागबली निर्मलकर, सुभाष बुंदेल, राजू कन्नौजे, बजरंगी छाटा, ओमप्रकाश कन्नौजे, मनसुख लाल कनोजे, सीताराम निर्मलकर, चैतराम निर्मलकर, हीरालाल निर्मलकर, संतोष कनोजे, वरुण निर्मलकर, नेतराम निर्मलकर, अवधेश कुमार सोन, साहेब राम बरेट, मनोज कुमार बरेट, अखिलेश कर्ष व छोटेलाल कर्ष सहित प्रदेश भर के प्रतिनिधि शामिल हुए।

अंचल की खबरें

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाया तीज मिलन



कुम्हारी। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई कुम्हारी द्वारा पारंपरिक तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने खो-खो, कुर्सी दौड़ व चम्मच दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पारंपरिक पकवानों का आनंद उठाया। वेशभूषा व पंथी नृत्य की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष योगिता वर्मा ने कहा कि कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं को सहेजने में हमेशा अग्रणी रहा है। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव आजुराम वर्मा, पुष्पलता वर्मा, देवकी वर्मा, भुवनेश्वरी वर्मा, राधा वर्मा, नंदिनी वर्मा, निर्मला वर्मा, गोदा वर्मा, ललिता वर्मा, चित्ररेखा वर्मा, पुष्पा वर्मा, कमला वर्मा, गंगा वर्मा, साक्षी वर्मा, उर्वशी वर्मा, बीना वर्मा, गौतम वर्मा व रानी बंछोर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

शिविर में 140 समस्याओं का मौके पर समाधान



पाटन। अटारी स्थित खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन में आयोजित 'सेवा सेतु अभियान' शिविर में विभिन्न विभागों ने जनसमस्याओं का समाधान किया। नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष एवं खाद्य विभाग की टीम ने राशन कार्डधारियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही खाद्यान्न योजनाओं का मार्गदर्शन दिया। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिविर का निरीक्षण कर स्टॉलों का अवलोकन किया और खाद्य विभाग की सक्रियता की सराहना की। शिविर में कुल 161 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 140 का त्वरित निराकरण किया गया और 21 के लिए समय-सीमा तय की गई। इस अवसर पर नेत्रदान की घोषणा करने वाले ममता बिजौरा, नीता देवांगन और नेम सिंह भारद्वाज का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसडीएम प्रफुल्ल गुप्ता, जागेश्वर देशलहरे, योगेश निक्की भाले, सीएमओ हेमंत वर्मा, प्रवीण कुमार साहू, खेतलाला देशलहरे, केवल देवांगन, बाबा वर्मा, लोकमणी चंद्राकर, जित्तू निर्मलकर व बिज्जु देवांगन सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

गर्भवतियों की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन



निकुम। महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत निकुम में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आठ गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसके अलावा बाल गीत, रंगोली, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ व मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समारोह में सरपंच भागवत राम पटेल, सीईओ प्रकाश मेश्राम, पीओ गौरव मिश्रा, एएनएम रेखा निर्मलकर, सचिव भारती विश्वास, फूकेश्वर साहू तथा मितानिन व ग्रामीण उपस्थित रहे। लक्ष्मी बेलचंदन, ममता यादव, हेमलता मिर्झा, अंबिका लहरे, भुनेश्वरी यादव, दुर्गा यादव, पदमिनी देशलाहरे, प्रभा मेश्राम, रमाबाई, उर्मिला, मीना बेलचंदन, भगवती साहू, सुशीला, कल्याणि, गोदावरी, शारदा साहू, लक्ष्मी, करुणा, यामिनी व अंजली को सम्मानित किया गया। राधा रमण ग्रुप एवं पंचायत द्वारा बच्चों को खिलौने भेंट किए गए।

सुरपा में चारों आंगनबाड़ी सेवार्थियों का हुआ सम्मान



जामगांव आर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास द्वारा सुरपा के चारों आंगनबाड़ी में संयुक्त रूप से आंगन मिलन सेवा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रवि सिन्हा, शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमोद जैन, सरपंच सुरपा चंद्रहास साहू, सरपंच करेला राजेश बंछोर, बूथ अध्यक्ष किशोर सेन, उपसरपंच तेजराम देवांगन, लोकेश्वर निर्मलकर, गजे साहू, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर ममता साहू आदि मौजूद थे।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपोर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

जनता कांग्रेस का अल्टीमेटम : सूर्या मॉल में पार्किंग शुल्क लिया तो होगा प्रदर्शन

भिलाई। सूर्या मॉल में ग्राहकों से पार्किंग शुल्क वसूले जाने के विरोध में जनता युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सूर्या मॉल में पार्किंग शुल्क की वसूली जारी रही, तो मॉल के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जनता युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश महासचिव अनुरुध वर्मा ने कहा कि मॉल में खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों से पार्किंग शुल्क वसूले जाने के मामले पर शासन और प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहनों से 25 रुपए और कारों से 60 रुपए पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। अनुरुध वर्मा ने कहा कि नियमों के तहत शॉपिंग मॉल में आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग व्यवस्था को लेकर स्पष्ट प्रावधान हैं। ऐसे में ग्राहकों से पार्किंग शुल्क वसूली के मामले की जांच की जानी चाहिए और संबंधित नियमों के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

सेल एससी-एसटी फेडरेशन का सघन दौरा भिलाई में

भिलाई। सेल एससी-एसटी फेडरेशन, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरंगा मंडल के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहली बार भिलाई पहुंच रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल का भिलाई में दो दिवसीय सघन दौरा प्रस्तावित है। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के उपाध्यक्ष उपेन्द्र सिंकू, उपाध्यक्ष काशीनाथ मरांडी, महासचिव श्रीनिवास एससीओ, ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी भागबान सेठी और कार्यकारी सदस्य शंभू कुमार शामिल होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बताया कि डॉ. आंबेडकर प्रेरणा स्थल, सेक्टर-6 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्थान में सेल के योगदान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

गेस्ट्रोएंटरोलॉजी, लिवर, पेनक्रियाज, लेप्रोस्कोपी एवं जीआई सर्जरी विभाग

डॉ. जीवनलाल धीडले
MD, DM (Gastro), PGI Chandigarh
SENIOR CONSULTANT GASTROENTEROLOGIST, INTERVENTIONAL ENDOSCOPIST, AND HEPATOLOGIS

डॉ. आशीष चंद देवांगन
MD(Gold Medalist), DNB(Gastro)
पूर्व चिकित्सक सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
Gastroenterologist & Hepatologist
Therapeutic Endoscopist and ERCP Specialist

डॉ. सिद्धार्थ बनर्जी
MS (General Surgery)
GASTROINTESTINAL SURGEON OFFERING LAPAROSCOPIC, PILES, FISTULA, CANCER SURGERIES, BREAST LUMP EXPERTISE.

एडवांस्ड गैस्ट्रो डायग्नोस्टिक सेवाएँ
- मैनोमेट्री
- फाइब्रोस्कैन
- कैप्सूल एंडोस्कोपी
- ऊपरी जठरांत्र एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- ERCP एवं स्टेंटिंग
- बैलून डाइलेशन
- ब्लीडिंग के लिए बैंडिंग एवं ग्लू उपचार

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पित्त की पथरी की सर्जरी
- हर्निया की सर्जरी
- बवासीर, फिशर एवं फिस्टुला
- पेट एवं आंत की सर्जरी
- दूरबीन द्वारा लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्ताशय एवं पित्त नली की सर्जरी
- लिपोमा एवं अन्य सामान्य सर्जिकल समस्याओं की सर्जरी

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
बाईपास रोड, डी-मार्ट के पास, दुर्ग 97554 21861 , 0788-2990458

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

प्रथम उपहार 1 कार

द्वितीय उपहार 3 नग बाईक

तृतीय उपहार 10 नग LED TV

चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज

पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन

छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा

सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन

आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग

नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट

दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स

ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार

नियम एवं शर्तें :- ◆ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ◆ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ◆ महालक्ष्मी ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ◆ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ◆ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ◆ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ◆ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ◆ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ◆ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ◆ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ◆ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ◆ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Vijay Vachhani
DrNB (Nephrology)
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
जुनवानी रोड, टी.आई. मॉल के पास, भिलाई
77228 80844, 0788-2294440
Deepak Ad./119/2

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागराज, सहस्त्रेत से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकापीठ, श्री द्वारकाधेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि :- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KOREA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411



हरिभूमि & inh 24x7 Presents

जिला संवाद 2026

सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्रीमती पद्मिनी भोई साहू
कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्री सुनील शर्मा जी
पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़-बिलाईगढ़



रतन शर्मा
जिलाध्यक्ष कैट
सारंगढ़-बिलाईगढ़



डॉ. आनंद प्रधान
प्रधान हॉस्पिटल दानसरा
सारंगढ़



मुकेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
राइस मिल एसोसिएशन
सारंगढ़-बिलाईगढ़



संगीत सिंह ठाकुर
जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स इंडस्ट्रीज सारंगढ़-बिलाईगढ़



सतीश यादव
अध्यक्ष सेवा भारती एवं समाजसेवी

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर

दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे

कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।

MP: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh | जनता TV
CG: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812
एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



आजादी के महान सपूतों महात्मा ...

लाइव इवेंट

एडवेंचर बाइक ट्रैकिंग में सियादेवी का देखा वॉटरफॉल



दुर्ग। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर एक दिवसीय मानसून एडवेंचर बाईक ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 28 स्त्री पुरुष सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दरम्यान सदस्यों ने रानी माई मन्दिर नर्रा मुल्लेगुड़ा, सियादेवी मन्दिर एवं वॉटरफॉल नारागांव, स्वामी शरणानन्द वन आश्रम खोलडोंगरी बरही, बरही जलाशय, भोलापठार परेंगुड़ा एवं महापाषाणीय पुरातात्त्विक स्मारक स्थल करकाभाट का अवलोकन किया। प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि झलमला के बाद घोठिया मार्ग में रानीमाई मन्दिर के लिए वनांचल में प्रवेश करते ही प्राकृतिक सौन्दर्य और शान्त सुरम्य हरियाली देखकर सभी सदस्य रोमांचित हो गये । रानीमाई मन्दिर तक लगभग दस बारह किमी मार्ग के दोनों ओर हरे-भरे पेड़ पौधों की सुन्दरता से सदस्य ठगे से रह गये । ट्रैकिंग के पहले पड़ाव में सदस्यों ने बारह गांवों पठार रानीमाई देशमात्र बाबा मन्दिर का अवलोकन किया। वरिष्ठ सदस्य हरदेव सिंह गिल, चैतन्य ऋषि एवं मोहनलाल साहू ने बताया कि जंगली रास्ते में भरपूर एडवेंचर सहित बाइकिंग करते सभी सदस्य सियादेवी वॉटरफॉल पहुंचे। वहां के मनमोहक वातावरण से सभी मंत्रमुग्ध हो गये। सियादेवी मन्दिर दर्शन पश्चात सभी सदस्य वॉटरफॉल में नहाने भीगने से अपने आप को रोक नहीं पाये। इस अवसर पर राजश्री श्रृंगारपुतले, ममता साहू, सुलेखा साहू, हेमलाल देवांगन, सुबोध देवांगन, के. सुब्रमण्यम, किशोर छबलानी, कमल साहू, लिगेन्द्र वर्मा, अथर्व वर्मा, योगेन्द्र वर्मा, त्र्यंबक बंजारे, जय कुमार बंजारे, मंजीत कौर गिल सहित अन्य मौजूद थे।

लाइव इवेंट

हिंदी आधारित प्रतियोगिताओं ने स्टूडेंट्स ने भाषा, क्षमता और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का दिया अवसर



भिलाई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में हिंदी माह का सफल आयोजन किया गया। इसमें संस्थान से जुड़े लगभग हर वर्ग संकाय सदस्यों के कर्मचारियों, आउटसोर्स स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाई। एक माह में पंद्रह से अधिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ अनेक इवेंट आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संस्थान में रचनात्मक लेखन को लेकर लगातार उत्साह बना रहा। वार्षिकपत्रिका के नामकरण हेतु प्रतियोगिता से लेकर स्वरचित कविता, निबंध और काव्य सम्मेलन तक हर आयोजन में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सालिया। काव्य सम्मेलन विशेष रूप से चर्चा का विषय रहा। प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ, तात्कालिक भाषण तथा प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी भाषा, क्षमता और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर दिया। उल्लेखनीय रहा कि आयोजन केवल शैक्षणिक तबके तक सीमित नहीं रहा संस्थान ने अपने आउटसोर्स स्टाफ के लिए भी विशेष रूप से निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की, जिससे हिंदी माह की भावना संस्थान के हर कोने तक पहुंची।

एक विशेष सत्र में केंद्र सरकार के मंत्री का संदेश साझा किया गया तथा उपस्थित सभी ने राजभाषा हिंदी को अपनाने की शपथ ली। यह क्षण हिंदी माह को स्थानीय उत्सव से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय राजभाषा नीति सेजोड़ता रहा।इसके अलावा आयोजित कार्यशाला और राजभाषा नीति पर सामूहिक चर्चा ने भी प्रतिभागियों को हिंदी के व्यापक महत्व को समझने का अवसर दिया। महीनेभर चले इस आयोजन का समापन एक भव्य समारोह के साथ हुआ।संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर इस सफल यात्रा का उत्सव मनाया। साथ ही सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने आयोजन की सफलता पर कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं भावनात्मक एकता का सशक्त माध्यम है। इस तरह के आयोजन दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आईआईटी भिलाई का यह हिंदी माह केवल एक संस्थागत आयोजन भर नहीं रहा, बल्कि यह दिखाने में भी सफल रहा कि देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में से एक जो छत्तीसगढ़ की धरती पर स्थित है, शोध और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ-साथ भाषा, साहित्य और संस्कृति के प्रतिभी उतनी ही गंभीरता और गर्व से आगे बढ़ता है।



● रोटरी युवा संसद-2026 के दूसरे दिन लोकतांत्रिक संवाद, उद्यमिता और युवा शक्ति का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन

लोकसभा की कार्रवाही को किया जीवंत, जंतर-मंतर में युवा विरोध रहा आकर्षण स्टूडेंट्स ने लिया अधिकारों के साथ नागरिक दायित्वों को समझने का अनुभव

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में आयोजित रोटरी युवा संसद-2026 के दूसरे और अंतिम दिन युवाओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया, नेतृत्व, उद्यमिता और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी विविध गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अतिथियों की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास से शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद आयोजित लोकसभा सत्र में प्रतिभागियों ने संसद की कार्यप्रणाली का जीवंत प्रतिरूप प्रस्तुत किया। विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछने, तर्क रखने, विचारों का समर्थन एवं विरोध करने तथा लोकतांत्रिक संवाद की प्रक्रिया में सहभागिता करते हुए प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता एवं अभिव्यक्ति-कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया।









दुर्ग। आयोजित उद्यमिता सत्र में युवाओं को नए विचारों, नवाचार, अवसरों की पहचान तथा भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराया गया। सत्र ने प्रतिभागियों को अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने, चुनौतियों को अवसरों में बदलने तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। दिन का प्रमुख आकर्षण जन्तर-मन्तर-युवा विरोध रहा। इस गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों ने सामाजिक एवं सार्वजनिक मुद्दों पर अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रखने, लोकतांत्रिक तरीके से असहमति व्यक्त करने तथा अपने अधिकारों के साथ-साथ नागरिक दायित्वों को समझने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इसके बाद आयोजित शक्ति पदयात्रा में युवाओं ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सहभागिता की। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों का आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विशेष रूप से दिखाई दी। वहीं मिस्टर एवं मिस आरवाईएलए गतिविधि ने आयोजन में उत्साह, उमंग और मनोरंजन का रंग भर दिया। समापन सत्र में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। इसके पश्चात आयोजित समापन समारोह में दो दिवसीय आयोजन की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों को सामाजिक सरोकारों, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में राष्ट्रगान एवं सामूहिक छायाचित्र के साथ दो दिवसीय रोटरी युवा संसद-2026 का गरिमापूर्ण समापन हुआ। दो दिनों तक चले इस आयोजन ने युवाओं को केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें विचार रखने, प्रश्न पूछने, असहमति व्यक्त करने, संवाद स्थापित करने, नेतृत्व करने और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका को समझने का व्यावहारिक अवसर भी प्रदान किया। यह आयोजन युवा शक्ति को लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

ब्राह्मण समाज ने रिकेश सेन से सामाजिक सरोकारों और समाजहित पर की चर्चा

भिलाई। सामाजिक एकजुटता, संगठन की मजबूती और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में गौड़ ब्राह्मण समाज, भिलाई के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं सदस्यों ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से उनके विधायक कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान समाज की आवश्यकताओं, सामाजिक गतिविधियों, आगामी योजनाओं और जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से सकारात्मक संवाद हुआ। समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक रिकेश सेन को समाज द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही समाज की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराते हुए समाजहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की। मुलाकात के दौरान इस बात पर भी जोर दिया गया कि



सामाजिक संगठनों की सक्रिय भूमिका से समाज में आपसी समन्वय, सहभागिता और रचनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलती है। इसी उद्देश्य से गौड़ ब्राह्मण समाज की सामाजिक गतिविधियों को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने तथा समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज की प्रगति केवल व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता और एकजुटता से संभव है। इसी भावना के साथ गौड़ ब्राह्मण समाज, भिलाई सामाजिक गतिविधियों को गति देने और समाजहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय शर्मा, संरक्षक श्याम सुंदर शर्मा, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, महामंत्री संतोष शर्मा, अजय शर्मा, पवन शर्मा, कमल शर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, मुकेश वशिष्ठ,अमितेश पुरोहित, मनीष शर्मा, सतीश चंद शर्मा, राजकुमार शर्मा, मनोज जोशी, अजय शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

सामाजिक सहयोग के लिए सुरेंद्र चंद्र का किया सम्मान

दुर्ग। रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई में सेवानिवृत बीएसपी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद्र का सम्मान किया गया। रोटरी भवन में यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने अपने नाती के जन्मदिन पर नयनदीप विद्या मंदिर के बच्चों की मांग पर तत्काल एक बड़ा टीवी संस्था को भेंट किया। सामाजिक सेवाओं में सक्रिय सुरेश चंद्र का सम्मान शाल, श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर संस्था केअध्यक्ष सीएस बाजवा, सचिव ज्ञानचंद जैन एवं कोषाध्यक्ष सुमन कन्नौजे प्रमुख रूप से मौजूद थे। सभी ने उनके सेवाओं के प्रति उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



जिला साहू संघ की सामाजिक नियमावली की समझ और पारिवारिक संस्कारों के संवर्धन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला

कार्नर न्यूज

साहू समाज की अनोखी पहल, आधुनिक मोबाइल युग में परिवार को पर्याप्त समय दें और बच्चों के साथ करें भोजन, करें नियमित वार्तालाप

दुर्ग। जिला साहू संघ द्वारा जिला साहू सदन केलाबाड़ी में जिला साहू संघ के तत्वावधान में एकीकृत नियमावली के वाचन एवं परिवार संस्कार कार्यशाला का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में नियमावली की बारीकियों, उसके विभिन्न प्रावधानों एवं संगठनात्मक दायित्वों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। साथ ही, बच्चों में नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों, अनुशासन, सामाजिक एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के विषय में सारगर्भित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का मूल उद्देश्य संगठनात्मक एकरूपता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ परिवारों में संस्कार, सद्भाव और सामाजिक चेतना का विस्तार करना रहा। इस अवसर पर सर्वप्रथम कर्मा माता की आरती के पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया अब पूरे प्रदेश के सभी जिलो में ऐसे कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन तहसील स्तर पर भी पूरे प्रदेश में किया जाएगा। दुर्ग जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता किये





उन्होंने कहा कि सभी का कर्तव्य है कि समाज में अपने नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए कार्य कर संगठन को मजबूती प्रदान करे।मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू ने प्रशिक्षण देते हुए बताया की कैसे आज के आधुनिक मोबाइल युग में परिवार को पर्याप्त समय दे व एक साथ भोजन करे व वार्तालाप करे। सभी अपने परिवार में ऐसा शिक्षा दें, जिससे ऐसी भावना विकसित हो जैसे पारिवारिक संस्कार,अनुशासन एवं समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तर दायित्व। समाज में संस्कार, संस्कृति और अनुशासन ही एक मजबूत, सुसंस्कृत और शांतिप्रिय समाज व राष्ट्र की नींव होते हैं। भावी पीढ़ी को संस्कारवान एवं अनुशासित बनाने के लिए यह सभी गुण आवश्यक है। प्रदेश महामंत्री राजेश साहू ने प्रदेश साहू संघ के नियमावली का वाचन किया एवं उन्होंने कहा कि नियमावली को ध्यान में रखते हुए अपने सामाजिक दायित्वों का पालन करते हुए समाज मे सहभागिता प्रदान करें।

एकजुटता का दिया संदेश

प्रदेश संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू एवं प्रदेश महिला प्रकोष्ठ संयोजिका दिव्या कलिहारी ने भी प्रशिक्षण में अपने विचार रखे। मंच संचालन जिला महामंत्री अश्विनी ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष लखन लाल साहू, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद साहू, मंजू साहू,महासचिव राकेश साहू, अंकेक्षक लालसिंग, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, सुनील साहू, शोभाराम साहू, देवेंद्र साहू, जे पी साहू, लालेश्वरी साहू, सभी तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, पोषण साहू, धनंजय साहू शुभम साहू एवं जिले के सभी तहसीलों एवं परिक्षेत्रों के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने बताया कि बैठक में सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया।

सिटी इवेंट

बेटियों को शिक्षा, संस्कार देना हम सभी की जिम्मेदारी



- महिलाओं एवं बच्चों के सम्मान में आंगन मिलन समारोह का आयोजन

भिलाई। वार्ड 40 के आंगनबाड़ी केंद्र 1, 2 एवं 3 में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर संवाद किया गया। मुख्य वक्ता भिलाई-चरोदा पालिका की पूर्व अध्यक्ष सीता साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र हमारे समाज की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य करते हैं। स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज की पहचान है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ परिवार और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। गनियारी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि इनका योगदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र क्रमांक 2 में गीता वर्मा, कन्या शक्ति संयोजिका, भाजयुमो जिला भिलाई ने महिला एवं बालिका सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास के अवसर देना हम सभी की जिम्मेदारी है। केंद्र क्रमांक 3 में श्रीमती अनुपमा विश्वकर्मा ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक सहभागिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूजा शर्मा,विनीता शिंदे, अनूपा विश्वकर्मा एवं डॉ. निर्मला भारती सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बबीता बंजारे ने किया तथा आभार प्रदर्शन रूपा साहू ने किया। मेनका पटेल, श्रीमती दीपिका साहू व श्रीमती यमुना साहू की गोद भराई की गई, आरव खरे, युवराज ढीमर व पूर्वी ठाकुर का अन्न प्रासन किया गया। नोविया पटेल, मोक्ष निर्मलकर व पार्थ खुटेल का स्वस्थ शिशु से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. निर्मला भारती, श्यामा कोसरे, बिंदु पाटिल, बेबी ठाकुर, नमिता देशलहरे, सीमा ठाकुर, त्रिवेणी गैंड्रे आदि मौजूद थे।

सिटी लाइव

सियान सदन बनेगा ऑडिटोरियम पीवीआर जैसी मिलेंगी सुविधाएं



भिलाई। नेहरू नगर स्थित सियान सदन का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। इसे अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम का स्वरूप देने के साथ यहां पीवीआर जैसी उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सदन के पार्किंग स्थल पर पेवर ब्लॉक भी लगाए जाएंगे। यह घोषणा विधायक रिकेश सेन ने ज्येष्ठ नागरिक मंच के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में की। विधायक सेन ने कहा कि सियान सदन के प्रथम चरण के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की राशि उनके पास रखी हुई है। ज्येष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ विधायक के समक्ष सदन के प्रांगण में एंटी-स्किड चेकर टाइल्स लगाने तथा पार्किंग स्थल पर पेवर ब्लॉक लगाने की मांग रखी थी। विधायक ने इन मांगों को स्वीकार करते हुए एक कदम आगे बढ़कर सियान सदन को सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम में सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग जैसी सुविधाओं के साथ वरिष्ठजनों को पीवीआर जैसा शानदार अनुभव मिलेगा। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठजनों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में अवनी भूषण पुरंग, दिलीप कुमार राय,डॉ. केके मिश्रा, गिरीश बंसल, गोपाल प्रसाद गुप्ता, हरिकिरण अग्रवाल, कुलभूषण गोसैन, कुलदीप कुमार झा, ललित कुमार साबू, मुकुंद राव, नरेंद्र कुमार टौंक,आरबी रघुवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

समाज इवेंट

सेवा सप्ताह में किया रक्तदान नवजात शिशुओं के लिए बांटे किट



दुर्ग। लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। लायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतर्गत दुर्ग सिटी के सक्रिय, जुझारू, समर्पित और संवेदनशील मेंबर्स के सेवा एवं रचनात्मक कार्य के अंतर्गत सेवा सप्ताह के पहले दिन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्त दान जीवन दान के मूल्यवान भावना को अंगीकार करते हुए रक्त दान किया गया। क्लब के सदस्यों के माध्यम से जिला चिकित्सालय के मातृत्व शिशु विभाग में 30 नवजात शिशुओं की माताओं को शिशुओं के लिये निर्धारित उपयोगी किट्स उपलब्ध कराया गया। इस रचनात्मक पहल के लिए माताओं ने सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एमजेएफ आकांक्षा मिश्रा, महमूद हिरानी, अनिता तिवारी, सुनील अग्रवाल, स्नेह लता साहू, विनोद परमार, ज्ञानचंद पाटनी, अमर सिंह गुप्ता, हरमीत भाटिया, सुरेन्द्र पाल दुलाई, सीता राम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, डॉ. चुरेंद्र सहित अन्य मौजूद थे।

● लोगों ने श्रमदान कर अपने आसपास से हटाया कचरा

आजादी के महान सपूतों महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

दुर्ग/भिलाई। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जगह-जगह मनाई गई। जिले में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस लाइन में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए, वहीं कार्यक्रम के दौरान केवल महात्मा गांधी की तस्वीर पर ही फूल चढ़ाए गए। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, सत्य और स्वच्छता की शपथ ली गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को याद किया। बच्चों के अधिकारों और लैंगिक अपराधों से सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिकारों और उनकी सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। स्कूलों में भी गांधी और शास्त्री जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में दोनों महापुरुषों के जीवन और विचारों को याद किया गया तथा उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया गया।



एक हजार से ज्यादा स्काउट-गाइड, रोवर- रेंजर्स धर्म प्रार्थना में हुए शामिल

दुर्ग। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, मुख्य आयुक्त इन्दरजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर राज्य स्तरीय सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन स्व. बलबीर सिंह जुनेजा इण्डोर स्टेडियम में किया गया। इस आयोजन में सम्मिलित होने जिला संघ दुर्ग के अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला उपाध्यक्ष सुनिता संजय बोहरा, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट जीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी सह पदेन जिला कमिश्नर स्का. जगजीत सिंह धीर, जिला आयुक्त गाइड वर्षा ठाकुर जी के मार्गदर्शन में तथा जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत के नेतृत्व में दुर्ग जिले से एक हजार स्काउट- गाइड, रोवर- रेंजर्स एवं नोडल अधिकारी प्रभारी शिक्षक शिक्षिका सहित प्रार्थाना सभा सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये अमीता हरमुख जिला संगठन आयुक्त गाइड, दुर्गेश शुक्ला नोडल अधिकारी विकासखंड धमधा से देवेन्द्र कुमार देवांगन सहित अन्य का सहयोग रहा।

गांधी-शास्त्री जयंती पर उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



भिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक-4 द्वारा बैठक आयोजित कर दोनों महान नेताओं को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग पर चलते हुए देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा देकर देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज और देश के हित में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ दत्ता, पार्षद साकेत चंद्राकर, अफरोज खान, सत्यनारायण गुप्ता, सतीश सोनकर, अजय यादव, संदीप कोरी, संतोष उमेरकर, डीपी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मूकबधिर नि:शुल्क विद्यालय में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती



दुर्ग। ब्राईट शिक्षण एवं मानव कल्याण समिति बरई पारा दुर्ग द्वारा संचालित ब्राईट मंदबुद्धि व मूकबधिर नि:शुल्क विद्यालय कादम्बरी नगर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। साथ ही स्कूल का 27वां वर्ष स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस दौरान महापौर अलका बाद्यमार, देव नारायण चन्द्राकर, तेखन सिन्हा, सुरूचि उमरे, रंजीता पाटिल, स्कूल के संचालक राजू राजपूत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद थे। समारोह में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए व रंगोली बनाए गए।

गांधी और शास्त्री को किया याद



भिलाई। राजीव भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस अभिषेक बोरकर, प्रदेश महासचिव असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस व प्रदेश कार्यालय प्रभारी राम सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस राहुल वर्मा मौजूद थे।

श्रमदान कर तालाब के आसपास की सफाई



सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत ढाऊ बाड़ा तालाब वार्ड 7 राधिका नगर में श्रमदान कर सफाई की गई। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर यह सेवाकार्य किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन सेन ने बताया कि नियमित रूप से अभियान के अंतर्गत सेवाकार्य किए जा रहे हैं।

मनमुटाव भूलकर एकजुट होने का दिया संदेश

नुआ खाई मिलन समारोह जिला कार्यकारिणी की घोषणा, पुरुषोत्तम बने अध्यक्ष



भिलाई। मगधा यादव समाज की ओर से आयोजित नुआखाई मिलन समारोह में समाज के सभी लोग एकजुट हुए, जिसमें पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ साथ आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता की एक अनूठी मिसाल पेश की गई। नई फसल नवान्न के भोग और बड़ों के आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद नुआखाई जौहर की परंपरा निभाते हुए युवाओं ने बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिए और सम वयस्कों ने एक दूसरे से गले लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नुआ खाई मिलन केवल कृषि या नई फसल के स्वागत का पर्व नहीं बल्कि यह हमारे समाज को एक सूत्र में पिरोने, आपसी मनमुटाव को भूलकर एकजुट होने और अपनी समृद्धि लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने की सशक्त माध्यम है। समारोह में पारंपरिक संबलपुरी लोक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया, जिसे आधुनिकता के दौर में भी अपना जड़ों से जुड़े रहने का संदेश भेज दिया। इस मिलन समारोह ने यह साबित कर दिया कि हमारी संस्कृति विरासत ही हमारी एकता की सबसे बड़ी ताकत है।

नुआखाई मिलन समारोह के तत्पश्चात मगधा यादव समाज जिला दुर्ग की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, उपाध्यक्ष आकाश यादव, बिरंची बेमाल, जिला सचिव खेत्रो मोहन बच्छा, कोषाध्यक्ष हीरामन रावत, संगठन मंत्री महादेव यादव, बेदव खरसेल, भोजराम यादव, तीर्थ यादव, सलाहकार कैलाश यादव, उद्धव यादव, अंकेक्षक राम जी यादव, संरक्षक नारायण यादव सहित कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केनुराम यादव, उपाध्यक्ष खगेश्वर बेमाल, कोषाध्यक्ष दुर्गा कुमार यादव, महासचिव नंदकुमार यादव, मीडिया प्रभारी राम यादव, संगठन मंत्री पुरुषोत्तम यादव, महासमुंद से संरक्षक श्रीकर यदु, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनलाल दीप, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य राजेश यादव, प्रदेश संयोजक पीतांबर यादव सहित अन्य भी शामिल हुए।

एसएनजी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम

कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए सुरों का सफरनामा कल

भिलाई। कैंसर पीड़ितों की सहायता के उद्देश्य से सामाजिक संस्था राग ऑन द बैंड द्वारा 5 अक्टूबर को सेक्टर-4 स्थित एसएनजी ऑडिटोरियम में संगीतमय कार्यक्रम 'सुरों का सफरनामा' का आयोजन किया गया है। संस्था द्वारा यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से गीत-संगीत के साथ कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए सामाजिक सरोकार का संदेश भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में गायक कलाकार अमित शर्मा, चंद्रशेखर देशमुख, लोकेश तिवारी, सपना तिवारी, स्वामी रावत, जयश्री मुसले सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। गीत-संगीत से सजे इस कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा विभिन्न लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं संस्था के संरक्षक एवं समाजसेवी चतुर्भुज राठी तथा सुरेंद्र शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक अमित शर्मा एवं संयोजक संजय राय ने संयुक्त रूप से बताया कि सुरों का सफरनामा में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। उन्होंने बताया कि आयोजन का प्रमुख उद्देश्य कैंसर पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराना तथा समाज में जरूरतमंदों के प्रति सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा देना है।

गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती आज



दुर्ग। गंगा आरती की तर्ज पर महाराज अग्रसेन की महाआरती का आयोजन अग्रसेन चौक में 4 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे किया जा रहा है। आयोजन में सांसद विजय बघेल और ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल होंगे। आयोजन प्रभारी संजय गर्ग, मनोज अग्रवाल और पंकज कीर्तुका ने बताया कि बनारस के आचार्य पं. विकास शुक्ला और उनकी टीम महाआरती संपन्न कराएगी। इस दौरान आतिशबाजी और फूलों की वर्षा की जाएगी। शहर में अपने तरह का यह पहला कार्यक्रम होगा।

डॉ. दीप चटर्जी बने संयोजक, अभिजीत गोस्वामी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी

कार्नर न्यूज

भिलाई नगर कालीबाड़ी में गूंजेगा मां दुर्गा का जयकारा, 64वीं शारदीय दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू

भिलाई। सेक्टर-6 स्थित भिलाई नगर कालीबाड़ी के प्रांगण में आगामी 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष भिलाई नगर कालीबाड़ी में दुर्गा पूजा उत्सव का 64वां वर्ष मनाया जाएगा। ऐतिहासिक आयोजन को श्रद्धा, भक्ति, बंगाली संस्कृति, परंपरा और हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 64वें वर्ष के इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए सभी सदस्य सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न दायित्व निर्धारित करते हुए दुर्गा पूजा संचालन एवं पूजा समिति का गठन किया गया। नवनिर्मित समिति में संयोजक डॉ. दीप चटर्जी, सह संयोजक सुमित कुमार घोषाल, अध्यक्ष अभिजीत गोस्वामी तथा उपाध्यक्ष के रूप में देवव्रत कर, विश्वजीत दास, प्रकाश राय, जयन्त बैनर्जी राजा और अभिजीत विश्वास को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं महासचिव तपन दास, सहसचिव अजय मिश्रा, सौरभ मिश्रा, सौरभ दत्ता और श्रीमती रूपाली पालित, कोषाध्यक्ष सत्यजीत दास तथा सह-कोषाध्यक्ष धीमान गोस्वामी बनाए गए हैं। नवनिर्मित समिति के सदस्यों ने कहा कि 64वां दुर्गा पूजा उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, बंगाली संस्कृति, परंपरा, सामाजिक सहभागिता और एकता का पर्व है। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक पूरे आयोजन को भव्य, गरिमामय और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने का प्रयास किया जाएगा।



पूजा से लेकर संस्कृति तक अलग-अलग समितियां

पूजा व्यवस्था की जिम्मेदारी मौसमी राय, अरुणा भट्टाचार्य और एसएन मन्ना को दी गई है। पूजा व्यवस्था के सहप्रभारी के रूप में मोनिदीपा घोष, छाया दास, कृष्णा सिन्हा, काजल चौधरी, मिताली दासगुप्ता और ममता सरकार को शामिल किया गया है। कल्चर प्रभारी बॉबी दास तथा सह-प्रभारी बनाली बसु होंगी। भोग एवं प्रसाद व्यवस्था की जिम्मेदारी देवव्रत कर, सौरभ दत्ता, समीर घोषाल, अभिनव नंदी, सुमन कर्मकार, सपन चौधरी, शान्तनु डे, पलास बसु, राहुल बसु, सोमदीप नन्दी और अतुल सरकार को सौंपी गई है।

व्यवस्था में नहीं रहेगी कोई कमी

मीडिया और स्वागत व्यवस्था के लिए सुमन शील, मुनमुन चटर्जी, सोमा देव और रत्ना घोषाल को जिम्मेदारी दी गई है। सलाहकार के रूप में सपन घटक, मानस बैनर्जी, तरुण भट्टाचार्य, जयन्त बागची, साकेत चंद्राकर और सत्यजीत पंडा शामिल हैं। वहीं संरक्षक के रूप में अमिताभ सरकार, संगीता शाह, दीपक बैनर्जी, रतन दासगुप्ता, सुरजीत दत्ता, संजय सेन और सुप्रभात पाल को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में पूजा और धार्मिक व्यवस्था, भोग-प्रसाद वितरण, मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत एवं अतिथि सत्कार, अनुशासन एवं भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता एवं परिसर व्यवस्था, वित्त एवं लेखा, प्रचार-प्रसार एवं मीडिया, तकनीकी व्यवस्था, स्वयंसेवक, शौचालय व्यवस्था, महिला व्यवस्था तथा अतिथि एवं विशेष आमंत्रण समिति समेत विभिन्न समितियों का गठन किया गया। प्रत्येक समिति के लिए एक प्रभारी तथा दो से पांच सह-प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी प्रभारी प्रतिदिन की व्यवस्था और गतिविधियों की जानकारी मुख्य संचालन समिति को देंगे, ताकि आयोजन के दौरान सामने आने वाली किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके।

किचन टिप्स

कैसरोल में भी खिले-खिले रहेंगे चावल इन टिप्स से



हर घर में पके हुए भोजन जैसे रोटी, चावल और सब्जियों को लंबे समय तक गरमा-गरम रखने के लिए कैसरोल या हॉट पॉट का उपयोग किया जाता है। हालांकि, गरम चावल से निकलने वाली भाप कैसरोल के ढक्कन के अंदर जमा हो जाती है और ठंडी होकर पानी की बूंदों के रूप में वापस चावलों पर गिरती है। इससे चावल गीले, चिपचिपे और स्वादहीन हो जाते हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने और चावलों को हमेशा खिला-खिला बनाए रखने के लिए आप निम्नलिखित आसान और असरदार ट्रिक्स अपना सकते हैं:

चावल पकाने का सही तरीका: पकाने से



पहले चावलों को अच्छी तरह धोएं ताकि उनका अतिरिक्त स्टार्च निकल जाए। 1 कप चावल के लिए हमेशा 2 कप पानी का अनुपात रखें और मांड (अतिरिक्त पानी) को पूरी तरह निथार लें।

छानकर अतिरिक्त पानी निकालें: चावल पकने के तुरंत बाद उन्हें किसी बड़ी छाननी से छान लें ताकि अतिरिक्त भाप और पानी तुरंत बाहर निकल जाए।

थाली में थोड़ा फैलाएं: गरम चावल को सीधे कैसरोल में बंद करने के बजाय 2-3



मिनट के लिए किसी चौड़ी थाली या ट्रे में फैला दें। इससे अत्यधिक तापमान कम हो जाएगा।

कैसरोल को प्री-हीट करें: चावल रखने से पहले कैसरोल में कुछ मिनट के लिए उबलता हुआ गरम पानी डालकर खाली कर दें। इससे बर्तन का आंतरिक तापमान स्थिर रहेगा और कंडेनसेशन (भाप का पानी बनना) नहीं होगा।

सूती कपड़े या कॉटन टॉवल का प्रयोग: कैसरोल का ढक्कन लगाने से पहले बर्तन के मुंह पर एक साफ और सूखा सूती कपड़ा बिछा दें। यह कपड़ा ऊपर उठने वाली भाप को सोख लेगा।

चावल के ऊपर रखें एक सादी रोटी: कैसरोल में चावल भरने के बाद सबसे ऊपर



एक सादी रोटी रखकर ढक्कन बंद कर दें। यह पारंपरिक तरीका सारी भाप को सोख लेता है और चावल सूखे बने रहते हैं।

प्रारंभिक भाप बाहर निकलने दें: चावल को कैसरोल में डालने के बाद 1 मिनट के लिए ढक्कन खुला छोड़ दें ताकि तेज भाप बाहर निकल जाए।

शरीर की इम्युनिटी और अंगों को दुरुस्त रखने सप्लीमेंट्स की जगह प्राकृतिक आहार को बनाएं पसंद

पोषक तत्वों की कमी ही नहीं, इनकी अति भी ले सकती है आपको गंभीर बीमारियों की चपेट में

मानव शरीर को सुचारू रूप से कार्य करने और स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। विटामिन्स, प्रोटीन्स, मिनरल्स और आयरन जैसे तत्व शरीर के सभी अंगों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। विटामिन-सी और विटामिन-डी जैसे तत्व न केवल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) को मजबूत करते हैं, बल्कि कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों के जोखिम को भी कम करते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने से बीमारियां पनपने लगती हैं, लेकिन इनकी अत्यधिक मात्रा भी उतनी ही खतरनाक सिद्ध हो सकती है। किसी भी पोषक तत्व की अति होने पर शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे किडनी, लिवर और हृदय पर बुरा असर पड़ता है। मुख्य पोषक तत्वों का संतुलन और उनके प्रभाव जानिए।



विटामिन-सी कमी के नुकसान

विटामिन-सी की कमी से व्यक्ति में चिड़चिड़ापन और एनोरेक्सिया (भूख न लगना) जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे घाव का देर से भरना, दांतों और मसूड़ों में कमजोरी तथा संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

अधिकता के नुकसान

यदि शरीर में विटामिन-सी की मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाए, तो पेट खराब होना, दस्त (डायरिया) और गंभीर स्थितियों में किडनी में पथरी (किडनी स्टोन) बनने की समस्या हो सकती है।



विटामिन-डी कमी के नुकसान

सूर्य के प्रकाश और भोजन से मिलने वाला विटामिन-डी हमारी हड्डियों और प्रतिरक्षा तंत्र के लिए अनिवार्य है। इसकी कमी से इम्युनिटी कमजोर होती है और रक्त में कैल्शियम का स्तर कम (हाइपोकैल्सीमिया) हो जाता है। बच्चों में इसकी कमी से 'रिकेट्स' (हड्डियों का नरम और टेढ़ा होना) की बीमारी हो सकती है।

अधिकता के नुकसान

विटामिन-डी की अधिकता से शरीर में कैल्शियम की मात्रा असामान्य रूप से बढ़ जाती है। इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और किडनी व हृदय को गंभीर क्षति पहुंच सकती है।



आयरन कमी के नुकसान

आयरन हमारे रक्त में हीमोग्लोबिन के निर्माण के लिए आवश्यक है। इसकी कमी से एनीमिया रोग हो जाता है, जिससे लगातार कमजोरी और थकान बनी रहती है। गंभीर मामलों में यह हृदय रोग और डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) का खतरा बढ़ा देता है।

अधिकता के नुकसान

अत्यधिक आयरन सप्लीमेंट्स या आयरन युक्त चीजों का सेवन लिवर, जोड़ों, अग्न्याशय (पैंक्रियाज) और हृदय को भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

ये दर्द कहीं 'सायटिका' तो नहीं,जानें लक्षण और उपाय



सायटिका नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है।

अक्सर महिलाओं को कमर में दर्द होता है, जिसको वे नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन कई बार यह किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है।

शरीर का दर्द कई बार असहनीय होता है, लेकिन महिलाएं इसे नजरअंदाज कर देती हैं। कई बार शरीर का यह भयंकर दर्द 'सायटिका' हो सकता है। वैसे तो सायटिका एक सामान्य समस्या है, लेकिन इसे गंभीरता से लेना जरूरी है, क्योंकि इसमें पैर और लोअर बैक सुन्न पड़ सकते हैं और आपको कमजोरी महसूस हो सकती है। पैरों में दर्द या सायटिका का लक्षण प्रायः 40 साल की उम्र के बाद दिखाई देता है, लेकिन आजकल बदलती जीवन-शैली ने कम उम्र में भी लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है।



क्यों होता है सायटिका?

किसी भी मरीज को सायटिका का दर्द तब होता है, जब सायटिका तंत्र पर दबाव पड़ता है या इसकी क्षति होती है। सायटिका नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है। सायटिका का दर्द कभी भी नसों के दबने से नहीं होता, बल्कि नसों के बीच गद्दों में भरे जेल के निकलने से होता है। नसों के दबने से पैरों में कमजोरी होती है, लेकिन महसूस नहीं होती है।

उम्र भी एक कारण

सायटिका का दर्द उम्र के साथ बढ़ता है, क्योंकि यह अधिक उम्र के साथ होने वाली समस्या है। लेकिन कभी-कभी कम उम्र में इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई बार शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने से भी इस तरह के दर्द का सामना करना पड़ता है।

दिखते हैं ये लक्षण

सायटिका में तेज दर्द के अलावा शुरुआती दिनों में झनझनाहट और जलन होती है। साथ ही दर्द अक्सर एक तरफ होता है, जो पिंडलियों और पैर के तलवे में होता है। सायटिका से पीड़ित व्यक्ति के पैर में कमजोरी महसूस होती है। खड़े होने और बैठने में दर्द महसूस होता है। दिन के एक निश्चित समय के दौरान खांसने-छींकने पर भी दर्द हो सकता है।



निजी सामान से जुड़ती है आपकी ऊर्जा, वास्तु के अनुसार इन्हें रखें सही दिशा में



हम अपने घर में कई तरह की चीजें रखते हैं, लेकिन हमारे व्यक्तिगत सामान (Personal Items) से हमारी ऊर्जा सीधे तौर पर जुड़ी होती है। चूंकि इन सामानों का उपयोग केवल हम करते हैं, इसलिए इन्हें गलत जगह रखने से जीवन में नकारात्मकता का अहसास हो सकता है। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज के अनुसार, अगर पर्सनल सामानों को सही दिशा में रखा जाए तो घर और जीवन में हमेशा सकारात्मकता बनी रहती है।

पर्सनल सामान रखने के सही वास्तु नियम

ऑफिस बैग/ब्रीफकेस: ऑफिस बैग लगातार आवाजाही (मूवमेंट) में रहता है। इसे हमेशा कमरे या घर के वायव्य कोण (उत्तर-पश्चिम दिशा) में रखना चाहिए।

सर्टिफिकेट्स और ट्रॉफियां: आपकी सफलता और तरक्की के प्रतीक सर्टिफिकेट, शील्ड या मेडल को हमेशा उत्तर दिशा के मध्य में रखें। इससे जीवन में बरकत और आगे बढ़ने के नए अवसर मिलते हैं।

कोर्ट-कचहरी के कागजात: यदि आपके पास कानूनी या कोर्ट केस से जुड़े दस्तावेज हैं, तो उन्हें उत्तर-पश्चिम (वायव्य कोण) दिशा में रखें। इस दिशा में कागजात रखने से कानूनी विवाद जल्द और आपके पक्ष में हल होने की संभावना बढ़ती है।

गहने और जेवर: जेवर हमेशा साफ-सुथरी जगह रखें। तिजोरी के अंदर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाकर जेवर रखना अत्यंत शुभ माना जाता है, जिससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

मेकअप का सामान: पर्सनल कॉस्मेटिक्स या मेकअप के सामान को बेडरूम की दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखें। ध्यान रखें कि मेकअप करते समय आपका मुंह हमेशा पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।

सिर्फ 5 मिनट में घर पर बनाएं कैफे स्टाइल 'हॉट चॉकलेट'



सर्दियों के मौसम में चाय और कॉफी का आनंद अपनी जगह है, लेकिन गर्मागर्म 'हॉट चॉकलेट' की बात ही कुछ अलग है। कैफे और रेस्तरां में महंगी मिलने वाली यह ड्रिंक अब आसानी से घर पर बनाई जा सकती है। चॉकलेट और दूध के मिश्रण से तैयार यह गाढ़ी ड्रिंक ठंड के दिनों में गले को बेहद आराम पहुंचाती है। क्या आप जानते हैं कि हॉट चॉकलेट का इतिहास लगभग 3,000 साल पुराना है? माना जाता है कि इसकी शुरुआत प्राचीन 'एज़्टेक संस्कृति' से हुई थी। बाद में यह यूरोप और मेक्सिको में लोकप्रिय हुई। 19वीं सदी में तो इसका उपयोग पेट संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए औषधि के रूप में भी किया जाता था। आज इटली, स्पेन और अमेरिका में इसके कई स्पाइस्ड और फ्लेवर्ड वर्जन प्रचलित हैं।

घर पर हॉट चॉकलेट बनाने की आसान विधि:

सामग्री: डार्क या सेमी-स्वीट चॉकलेट (कद्दूकस की हुई), दूध, चीनी, वनीला एसेंस और गार्निशिंग के लिए व्हिप्ड क्रीम या मार्शमैलो।

बनाने की प्रक्रिया: कद्दूकस की हुई डार्क चॉकलेट को एक कटोरे में 2-3 मिनट के लिए रूम टेम्परेचर पर रखें। एक पैन में दूध और स्वादानुसार चीनी डालकर गरम करें। जब दूध पर मलाई दिखने लगे, तो आंच धीमी करके 2 मिनट पकाएं और फिर गैस बंद कर दें। गर्म दूध के 2 चम्मच कद्दूकस की हुई चॉकलेट में डालें और व्हिस्कर की मदद से फेंटकर स्मूथ पेस्ट बना लें। अब इस मेल्टेड चॉकलेट और थोड़े से वनीला एसेंस को पूरे दूध में मिलाकर 1 मिनट के लिए धीमी आंच पर चलाएं।

कार्नर न्यूज

बिस्तर पर भोजन करने से लेकर किचन के मंदिर तक; जानें वास्तु के वे दोष जो रोकते हैं आपकी आर्थिक तरक्की

सावधान! बेडरूम और रसोई की ये छोटी गलतियां कर सकती हैं कंगाल, आपके घर में बढ़ेगा कलह और तनाव

वास्तु शास्त्र में घर के हर कोने का अपना एक विशेष महत्व बताया गया है, जिनमें से बेडरूम (शयनकक्ष) और किचन (रसोईघर) सबसे महत्वपूर्ण स्थान हैं। जाने-अनजाने में की जाने वाली हमारी कुछ दैनिक आदतें भारी वास्तु दोष उत्पन्न करती हैं। ये गलतियां न केवल व्यक्ति को आर्थिक रूप से कमजोर बनाती हैं, बल्कि परिवार में आपसी कलह और रिश्तों में खटास का कारण भी बनती हैं।



बेडरूम से जुड़ी वास्तु भूलें जिन्हें तुरंत सुधारें

बिस्तर पर बैठकर खाना: अक्सर लोग बिस्तर पर बैठकर ही भोजन करते हैं। ऐसा करने से मां लक्ष्मी रुष्ट हो जाती हैं और धन का अभाव होने लगता है।

बिस्तर के पास जूठे बर्तन: बेडसाइड टेबल या कमरे में बिना धुले बर्तन छोड़ देने से घर में नकारात्मक ऊर्जा फैलती है जो दरिद्रता का कारण बनती है। तकिए के नीचे किताबें/अखबार रखना: रात को सोते समय सिरहाने या तकिए के नीचे किताबें, अखबार या कोई भी कागजात रखने से जीवन में नकारात्मकता बढ़ती है और व्यक्ति की तरक्की रुक जाती है।

किचन से जुड़े मुख्य वास्तु दोष:

रसोई में बैठकर भोजन करना: किचन में बैठकर खाना खाने से रसोई जूठी हो जाती है, जिससे अन्नपूर्णा और लक्ष्मी मां अप्रसन्न होती हैं। स्थान की कमी हो तो रसोई से थोड़ी दूर बैठकर खाएं। रात में जूठे बर्तन छोड़ना: रात को सिंक में जूठे बर्तन छोड़कर सो जाने से मां अन्नपूर्णा नाराज होती हैं। सोने से पहले रसोई साफ करें; यदि बर्तन न धो पाएं तो उनमें पानी डालकर रखें।

किचन में मंदिर बनाना: रसोई में मंदिर बनाना या तामसिक भोजन पकाने के स्थान के पास पूजा स्थल रखना मां लक्ष्मी को नाराज करता है। किचन और बाथरूम का आमने-सामने होना: रसोई के ठीक सामने शौचालय या बाथरूम होना सबसे बड़ा वास्तु दोष माना जाता है, जिससे घर में धन हानि और बीमारियां पनपती हैं।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

30 साल पुरानी कल्ट क्लासिक का जादू फिर चलेगा, साथ लौटीं निकोल और सैंड्रा



90 के दशक की मशहूर फैंटेसी-रोमांस फिल्म 'प्रैक्टिकल मैजिक' के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। वार्नर ब्रदर्स ने आधिकारिक तौर पर इसके सीक्वल 'प्रैक्टिकल मैजिक 2' का ऐलान कर दिया है। सबसे खास बात यह है कि इस सीक्वल में हॉलीवुड की दो दिग्गज अभिनेत्रियां—सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन—एक बार फिर अपनी पुरानी भूमिकाओं में वापसी कर रही हैं। 1998 में रिलीज़ हुई मूल फिल्म में सैंड्रा बुलक ने 'सैली ओवेन्स' और निकोल किडमैन ने 'गिलियन ओवेन्स' का किरदार निभाया था। कहानी दो ऐसी बहनों के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक जादुई परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके परिवार पर एक पुराना श्राप होता है—जो भी पुरुष उनसे सच्चा प्यार करता है, उसकी अकाल मृत्यु हो जाती है। दोनों अभिनेत्रियों ने न केवल अभिनय की दुनिया में फिर से हाथ मिलाने की पुष्टि की है, बल्कि वे इस फिल्म का निर्माण भी करेंगी। जैसे ही सोशल मीडिया पर इस सीक्वल की घोषणा की गई, 90 के दशक के सिनेमा प्रेमियों और ओवेन्स बहनों के प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मूल फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर मध्यम रही थी, लेकिन बीतते सालों के साथ इसने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली और यह एक 'कल्ट क्लासिक' बन गई। कलाकार सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन (सैली और गिलियन ओवेन्स के रूप में) हैं। कहानी का आधार एलिस हॉफमैन के उपन्यासों पर आधारित है। माना जा रहा है कि नया सीक्वल हॉफमैन के 2021 के उपन्यास 'द बुक ऑफ मैजिक' से प्रेरित हो सकता है।

टॉलीवुड

मणिरत्नम के प्रोजेक्ट में दिखेगी नई केमिस्ट्री, पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे विजय और साई

भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम एक बार फिर अपनी नई फिल्म के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस 'मद्रास टॉकीज' के बैनर तले बनने वाली 23वीं फिल्म (वर्किंग टाइटलः 'मद्रास टॉकीज प्रोडक्शन 23') की आधिकारिक घोषणा होते ही फिल्म जगत और प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी और खास बात इसका नया स्टार-कास्ट कॉम्बिनेशन है। विजय सेतुपति और साई पल्लवी की जोड़ीः दक्षिण भारतीय सिनेमा के दो सबसे प्रतिभाशाली और सादगी पसंद कलाकार—विजय सेतुपति और साई पल्लवी—पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। दोनों ही कलाकार अपनी दमदार अभिनय क्षमता और स्वाभाविक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। किरदारों की गहराईः हालांकि फिल्म की कहानी और किरदारों के नाम अभी गुप्त रखे गए हैं, लेकिन मणिरत्नम की फिल्मों का ट्रैक रिकॉर्ड देखते हुए यह माना जा रहा है कि दोनों कलाकारों को बेहद गहरे और भावुक किरदार निभाते देखा जाएगा। मणिरत्नम की किसी भी फिल्म की आत्मा उसका संगीत होता है। इस फिल्म में भी उनके साथ दिग्गज संगीतकार ए. आर. रहमान की जोड़ी कायम है। मणिरत्नम और ए. आर. रहमान का साथ दशकों पुराना है, जिन्होंने 'रोजा', 'बॉम्बे', 'दिल से' और 'पोन्नियिन सेल्वन' जैसे कई ऐतिहासिक एल्बम दिए हैं। ऐसे में इस नए प्रोजेक्ट से भी बेहतरीन गानों और बैकग्राउंड स्कोर की पूरी उम्मीद लगाई जा रही है।

भोजपुरी

छोटे पर्दे का मशहूर धमाका अब बड़े पर्दे पर, 'भाभीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन' में



भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय और पसंदीदा कॉमेडी शो में से एक 'भाभीजी घर पर हैं' के प्रशंसकों के लिए बेहद रोमांचक खबर सामने आई है। सालों से टीवी स्क्रीन पर दर्शकों को हंसाने के बाद अब यह शो सिनेमाघरों का रुख करने जा रहा है। इस कॉमेडी ड्रामा को एक पूर्ण फीचर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर पेश किया जा रहा है, जिसका नाम 'भाभीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन' रखा गया है। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसका भोजपुरी तड़का है। टीवी शो के हास्य और चुटीले अंदाज को दोगुना करने के लिए फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स—दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और रवि किशन को शामिल किया गया है। इन दोनों दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी से फिल्म में जबरदस्त एक्शन, ड्रामा और ठेठ देसी हास्य देखने को मिलेगा। फिल्म में टीवी शो के सभी पसंदीदा और लोकप्रिय पात्र अपनी पुरानी रंगत में नजर आएंगेः मूल कलाकारः विभूति नारायण मिश्रा, मनमोहन तिवारी, अंगूरी भाभी और अनीता भाभी के रूप में शो के मुख्य चेहरे बड़े पर्दे पर भी अपनी वही पुरानी नौटंकी दोहराएंगे। कहानी की झलकः जैसा कि नाम 'फन ऑन द रन' से ही साफ है, फिल्म की कहानी कानपुर की तंग गलियों से निकलकर एक भागमभाग भरे सफर पर आधारित होगी। इसमें धोखेबाजी, भ्रम और पकड़े जाने के डर से पैदा होने वाले हास्यजनक हालात देखने को मिलेंगे।

रॉयल फोटोशूट

नज़ाकत, परंपरा और आधुनिकता का एक हसीन संगम इस रॉयल फोटोशूट में दिखता है। इस शाही पृष्ठभूमि में, एक दुल्हन का अपनी पोशाक के घेर को लहराना किसी जादुई क्षण से कम नहीं है। यह केवल एक पोशाक नहीं, बल्कि एक सपना है जिसे हर दुल्हन अपनी शादी के दिन जीना चाहती है। कलात्मक नक्काशी वाले स्तंभ और जटिल कलाकृति से सजी दीवारें इस खुशी के अवसर को और भी भव्य बना रही हैं। एक मुस्कान जो पूरी दुनिया को रोशन कर दे और एक लहँगा जो हर किसी की नज़रें अपनी ओर खींच ले।



बदलते मौसम में छा रहा है फ्लोरल प्रिंट का ट्रेंड



इस बदलते मौसम में ज्यादातर लोग अपने लुक को लेकर काफी चिंतित रहते हैं, क्योंकि ये ऐसा मौसम होता है, जिसमें अगर सही कपड़ों का चुनाव न किया जाए तो आपके कपड़े ही आपको परेशान कर सकते हैं। जिस तरह से हम सर्दी के मौसम में कुछ भी पहनकर अपना जलवा बिखेरते रहते हैं, वैसा इस उमस भरी गर्मी के मौसम में चाहकर भी नहीं कर सकते। दरअसल, अभी ठंड का मौसम पूरी तरह आया नहीं है और बारिश गई नहीं है। ऐसे में गर्मी बरकरार है।



ऐसे में अपने कलेक्शन में फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट को शामिल जरूर करें। फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट ज्यादातर हल्के रंग से ही बने होते हैं, जो इस मौसम के लिए परफेक्ट रहते हैं। इन्हें खरीदने के लिए आपको ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ये ज्यादा महंगे नहीं आते।



साड़ीः साड़ी तो हर महिला का पसंदीदा परिधान होती है। ऐसे में आप चाहें तो अपने लिए ऐसी फ्लोरल प्रिंट की साड़ी खरीदें। अगर फ्लोरल प्रिंट की साड़ी शिफॉन प्रिंट में है तो ये आपको काफी आराम पहुंचाएगी। शिफॉन का साड़ी काफी हल्की होती है। ऐसे में आप आराम से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

अनारकली सूटः अगर गर्मी के मौसम में कहीं कोई पार्टी अटैंड करनी है तो बिना देर किए इस तरह का फ्लोरल प्रिंट का अनारकली सूट अपने लिए तैयार कराएं। इस तरह का अनारकली सूट गर्मी में आपको अलग और खूबसूरत दिखने में मदद करेगा।

मैक्सी ड्रेसः बहुत सी लड़कियों को मैक्सी ड्रेस पहनना पसंद होता है। ऐसे में आप कियारा आडवाणी की जैसी खूबसूरत मैक्सी ड्रेस अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगी।

स्लिट ड्रेसः अगर शॉर्ट ड्रेसेस नहीं पसंद हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की स्लिट ड्रेस अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये आपके लुक को ग्लैमरस दिखने में मदद करेगी।

ऑयली स्किन की देखभाल में इन गलतियों से बचाएं अपना चेहरा

समर साजन म ास्किन का सबस ज्यादा कयर करनी पड़ती है। दरअसल, इस सीजन में धूप की वजह से पसीना आता है और पसीने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या शुरू हो जाती है। वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली है उन्हें सबसे ज्यादा इस मौसम में अपनी स्किन की केयर करनी पड़ती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में ऑयली स्किन होने के कारण और पसीने की वजह से दाने और मुहांसों की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जरुरी है इस मौसम में स्किन की केयर करना ताकि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या पैदा न हो साथ ही स्किन को कोई नुकसान न हो। इस आर्टिकल में हम ऑयली स्किन वाले लोगों को कुछ जरुरी बातें बताने जा रहे हैं जो ऑयली स्किन वाले लोगों को समर सीजन में नहीं करनी चाहिए।

सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

कई महिलाएं चिपचिपी त्वचा होने की वजह से सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करती हैं लेकिन ऐसा करना गलत है। समर सीजन में सनस्क्रीन का जरुर इस्तेमाल करें ताकि धूप की वजह से स्किन को होने नुकसान को बचाया जा



सकें।वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह कासनस्क्रीनसही रहेगा इसके लिए आप डॉक्टर या एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

चेहरे को करें मॉइस्चराइज

ऑयली स्किन वाली महिलाएं समर सीजन में मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी शिकायत रहती हैं कि मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने से चेहरा चिपचिपा होने लगता है लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मौसम कोई भी स्किन को जरूर मॉइस्चराइज करें। वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह का माइस्चराइजर सहा रहगा इसक लिए आप किसी डॉक्टर या एक्सपर्ट से टिप्स ले सकती हैं।

हार्ड स्क्रब का न करें इस्तेमाल

कई महिलाएं इस मौसम में स्किन को साफ करने के हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं लेकिन ऐसा करना भी गलत हैं। हार्ड स्क्रब का इस्तेंमाल करने से जहां स्किन से जुडी समस्या पैदा हो सकती हैं तो वहीं स्किन की नुकसान भी हो सकता हैं। स्किन को साफ करने से हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल न करें।

आइली स्किन वाले अपना फेस ज्यादा न करें वॉश

समर सीजन में ऑयली स्किन वाली महिलाएं पसीने के कारण बार-बार फेस को वॉश करती हैं ताकि स्किन साफ हो जाए। वहीं ऐसा करना गलत है। दरअसल, चेहरे को बार-बार वॉश करने से स्किन ड्राई हो जाती हैं और स्किन के ड्राई होने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या पैदा हो जाती हैं। वहीं ऐसे में सिर्फ दिन 2 से 3 बार फेस को वॉश करें और इसके बाद स्किन को मॉइस्चराइज करें।

हरी चूड़ियों और फैंसी कंगनों का शानदार कॉम्बिनेशन, बढ़ाएं रौनक और शाही खूबसूरती

हाथों के आकार के हिसाब से कंगन और चूड़ियों के डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप खुद भी कस्टमाइज करके अलग-अलग रंग चुन सकती हैं।

फैंसी कंगन के साथ हरी चूड़ियां

आजकल कई तरह के डिजाइन में आपको कंगन के सेट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आजकल लटकन वाले मीनाकारी डिजाइन के हैवी कंगन को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के कंगन आप चूड़ियों के बीच में सिंगल-सिंगल भी पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह के कंगन में लटकन खुद कस्टमाइज करके भी लगवा सकती हैं।

गोल्डन कंगन के साथ हरी चूड़ियां

गोल्डन कलर देखने में सबसे रॉयल लुक देने में मदद करता है। इसमें आप प्लेन चूड़ियों से लेकर अलग-अलग डिजाइन के कुंदन वर्क के कंगन को साथ में जोड़कर चूड़ियों का सेट बना सकती हैं। देखने में इस तरह के कंगन सेट आपके हाथों को काफी हैवी लुक देने में मदद



करेगा। खासकर भारी हाथों पर इस तरह के चूड़ी सेट बेस्ट नजर आते हैं।

लाल कंगन के साथ हरी चूड़ियां

लाल और हरे रंग के कालो कॉम्बिनेशन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें आपको मिरर वर्क से लेकर कुंदन डिजाइन तक में काफी तरह के अलग-अलग डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। इसमें आप चौड़े डिजाइन के लाल कंगन के साथ में कई साड़ी हरी चूड़ियां मिलाकर सेट बना सकती हैं।

खूबसूरती ही नहीं, सेहतमंद पैरों और इंफेक्शन से बचाव के लिए भी जरूरी है पेडिक्योर करना

अक्सर लोग बदलते मौसम के साथ अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन अच्छी रहती है। साथ ही, हम खूबसूरत नजर आते हैं। लेकिन पैरों की खूबसूरत भी उतनी ही जरूरी होती है, जितनी चेहरे की। इससे हमारे पैर हेल्दी रहते हैं। साथ ही, स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम कम होती है। इसके ऐसे कई सारे फायदे हैं, जिसे जानकर आ भी पेडिक्योर करवाना शुरू कर देंगे। चलिए आपको बताते हैं, इन तरीकों के बारे में।

पेडिक्योर से सही होती है डैमेज स्किन

अगर आपकी स्किन ज्यादा डेड नजर आ रही है। इसकी वजह से आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो ऐसे में आप पेडिक्योर कराएं। इसे करवाने से आपके पैरों की डेड स्किन प्रॉब्लम कम हो जाएगी। साथ ही, अगर आपकी एडियां फट रही हैं या क्रेक आ रहे हैं, तो वो धीरे-धीरे कम हो जाएंगे। इसलिए भी आपको इसके जरूर करवाना चाहिए। इसके लिए आप फिश या नॉर्मल पेडिक्योर करा सकती हैं।



पेडिक्योर से साफ हो जाते हैं नाखून

अगर आपको लगता है कि आपके पैरों के नाखूनों के पास गंदगी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप पेडिक्योर करवाएं। इसे करवाने से आपके पैर साफ हो जाएंगे। साथ ही आपके नाखूनों पर जमा एक्स्ट्रा मैल भी साफ हो जाएगा। साथ ही, उनकी लाइफ भी बढ़ जाएगी। सफाई करवाने से वो जल्दी नहीं टूटेंगे। इसके बाद आप इसमें नेल आर्ट करा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

गलत जींस लेंथ और भारी एक्सेसरीज बिगाड़ सकती हैं आपका पूरा लुक

ड्रेसिंग तय करती है आपका कद, कपड़ों के चयन में होने वाली ये गलतियां आपको दिखा सकती हैं छोटा

हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए-

ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन



रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

.हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

गलत लेयरिंग

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा। लेयरिंग को एक ही कलर पैलेट में पहनें तो अच्छा रहेगा। इसके साथ प्रिंट न चुनें और सॉलिड रंगों का चुनाव करें।

